दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com | रायपुर, सोमवार 21 सितम्बर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-221 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

एक रुपए का जुर्माना अदा करने वाले बड़बोले ने भी कहा है कि देश में बोलने की आजादी नहीं हैं। टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग भी जब-तब अभिव्यक्ति की आजादी की मांग करते हुए विधवा विलाप करते रहे हैं। देश के पीएम को चोर कहकर चिढ़ाते है। विपक्ष के नेता का मजाक उड़ाते हैं। सेना के शौर्य पर सवालियां निशान लगाते हैं। व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका सभी की खिल्ली उड़ाते हैं। मीडिया को दलाल बताते हैं। गाली का मतलब नाटी बतलाते हैं। अब क्या माँ-बहन एक करने की छूट मिलेगी तभी कहेंगे कि बोलने की आजादी मिली है।

ओबीसी को 27% आरक्षण के लिए अब राशनकार्ड को गणना का आधार माना जाएगा

■ ओबीसी और सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आरक्षण के मामले में मान. उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पर प्रक्रिया निर्धारण के संबंध में केबिनेट में हुआ गहन विचार-विमर्श

■ राशन कार्ड बनाने से वंचित रह गए सभी वर्ग के परिवारों को मिलेगा मौका

■ राशन कार्ड बनाने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन लिए जाएंगे आवेदन

यूनिवर्सल पीडीएस की तैयार नयी सूची का अनुमोदन ग्राम सभा एवं नगरीय वार्डो में होगा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित केबिनेट की बैठक में राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगो को लोक सेवाओं में 10 प्रतिशत तक आरक्षण दिए जाने के संबंध में माननीय हाईकोर्ट में लंबित मामले के निराकरण के लिए वर्गवार अद्यतन डेटा एकत्र करने के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य में वर्तमान में प्रचलित राशनकार्ड के डेटाबेस को आधार मानते हुए पटेल कमीशन के मार्गदर्शन में अद्यतन डेटा तैयार किया

जाएगा। इस डेटा का ग्राम सभा एवं नगरीय निकायों के वार्डो सभाओं में अनुमोदन भी कराया जाएगा।

मंत्रिमण्डल की बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण अध्यादेश पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए स्थगन के निराकरण के संबंध में नवीन प्रक्रिया के माध्यम से वर्गवार अद्यतन डेटा तैयार करने का निर्णय लिया गया। यह नया डेटा राज्य में प्रचलित राशनकार्ड को आधार मानकर तैयार किया जाएगा, ताकि वर्गवार छूटे हुए लोगो का भी डेटा एकत्र हो सके। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी मंत्रीगणों ने राज्य में प्रचलित राशनकार्ड के आधार पर खाद्य विभाग द्वारा तैयार डेटाबेस को विश्वसनीय बताते हुए इस डाटाबेस में छूटे हुए परिवारों शामिल करने की बात कही। वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डो में से 99 प्रतिशत राशनकार्ड संबंधित परिवारों के आधार नम्बर एवं बैंकों खाते से लिंक हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ओबीसी आरक्षण के मामले में माननीय हाईकोर्ट के स्थगन के संबंध में ठोस आधार प्रस्तुत करने हेतु पूरी तरह से पारदर्शी एवं विश्वसनीय डेटा एकत्र करने के संबंध में नयी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना महामारी के चलते किसी भी छात्र की पढ़ाई में न हो व्यवधान : मुख्यमंत्री

■ किन्हीं कारणों से निजी स्कूल छोड़ने वाले छात्रों को शासकीय स्कूलों में दाखिला देने के निर्देश

■ निजी स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की जानकारी जुटाने स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किए निर्देश

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कोरोना महामारी के चलते किसी भी छात्र की पढ़ाई में कोई व्यवधान नही होना चाहिए। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि -समाचार वेबसाइटों में कुछ ऐसे समाचार आ रहे है कि अनेक विद्यार्थी महामारी के समय विभिन्न कारणों से निजी स्कूलों को छोड़ रहे है। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों से कहा है कि इस बात का प्रयास करना आवश्यक है कि किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा में व्यवधान न हो। इसके लिए प्रत्येक निजी स्कूल से ऐसे विद्यार्थियों की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विपक्ष नंबर देखता रहा और ध्वनिमत से पास हुआ कृषि बिल

■ राज्यसभा में विपक्षी सांसदों के हंगामे को लेकर वेंकैया नायडू के घर पर हुई मीटिंग

■ कृषि बिलों पर चर्चा के दौरान नारेबाजी करते हुए विपक्षी सांसद वेल तक पहुंचे

नई दिल्ली ए.। राज्यसभा में सरकार के पास बिल पास कराने के लिए बहुमत का आंकड़ा कहां से आएगा, कौन कौन दल पक्ष में वोट डालेंगे और कौन वॉकआउट कर बिल पास करने का रास्ता साफ करेंगे? इन सब चर्चाओं के बीच सरकार ने राज्यसभा में दो कृषि बिल ध्वनिमत से पास करवा लिए। विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। जानकारों के मुताबिक राज्य सभा में इस तरह का हंगामा इससे पहले महिला आरक्षण बिल को लेकर हुआ था।

मार्शल ने डेरेक को रोकने की कोशिश की। टीएमसी सांसद माइक खींचते भी दिखे। इसी बीच माइक टूट भी गया और राज्यसभा में कागज (बिल की कॉपी) के टुकड़े उड़ते दिखे। राज्यसभा टीवी की आवाज बंद हो गई और बाद में विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि देश उनकी बात न सुन सके इसलिए आवाज बंद की गई। विपक्षी सांसदों और मार्शल्स के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। हंगामे के बाद कुछ देर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रूल बुक फाड़ी, माइक तोड़ा, धक्का- मुक्की

बिल पर चर्चा के बाद उस वक्त विपक्ष ने हंगामा शुरू किया जब उपसभापति हरिवंश ने दोनों बिलों को सिलेक्ट कमिटी में भेजे जाने के प्रस्ताव पर मतविभाजन की मांग पर गौर नहीं किया। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद ने मांग की कि दोनों बिलों पर हुई चर्चा का जवाब सोमवार के लिए स्थगित कर दिया जाए क्योंकि रविवार को बैठक का निर्धारित समय खत्म हो गया था। विपक्ष मत विभाजन चाहता था लेकिन बिल ध्वनिमत से पास कराया जाने लगा तो टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन सहित टीएमसी और कांग्रेस सदस्य वेल पर आ गए। डेरेक डिप्टी उपसभापति के आसन के एकदम पास आकर उन्हें रूल बुक दिखाने लगे तो किसी ने पीछे से रूल बुक आसन पर फेंकी भी।

भारत के कृषि इतिहास में बड़ा दिन : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। संसद में पारित कृषि क्षेत्र से संबंधित विधेयकों पर विपक्ष तथा किसानों के जबरदस्त विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक बार फिर कहा कि इससे कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन आयेगा और करोड़ों किसान सशक्त बनेंगे। कृषि क्षेत्र में सुधार से संबंधित दो विधेयकों को आज राज्यसभा की मंजूरी मिलने पर श्री मोदी ने किसानों को बधाई दी। अपने ट्विट संदेश में उन्होंने कहा , भारत के कृषि इतिहास में आज एक बड़ा दिन है। संसद में अहम विधेयकों के पारित होने पर मैं अपने परिश्रमी अन्नदाताओं को बधाई देता हूं। यह न केवल कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाएगा, बल्कि इससे करोड़ों किसान सशक्त होंगे। एक अन्य ट्विट में उन्होंने कहा, हमारे कृषि क्षेत्र को आधुनिकतम तकनीक की तत्काल जरूरत है, क्योंकि इससे मेहनतकश किसानों को मदद मिलेगी। अब इन बिलों के पास होने से हमारे किसानों की पहुंच भविष्य की टेक्नोलॉजी तक आसान होगी। इससे न केवल उपज बढ़ेगी, बल्कि बेहतर परिणाम सामने आएंगे। यह एक स्वागत योग्य कदम है।

किसानों को पूंजीपतियों का 'गुलाम बना' रहे हैं मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केंद्र सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं चूकते हैं और रविवार को उन्होंने किसान संबंधी विधेयकों को लेकर हमला बोलते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों को पूँजीपतियों का 'गुलाम' बना रहे हैं जिसे देश कभी सफल नहीं होने देगा। कांग्रेस कृषि से जुड़े तीन विधेयकों को लेकर हमलावर बनी हुई है। यह विधेयक लोकसभा में पारित हो चुके हैं और इन्हें आज राज्यसभा में पेश किया गया है। वायनाड से सांसद कांग्रेस नेता ने आज ट्वीट कर कहा, मोदी सरकार के कृषि-विरोधी 'काले क़ानून' से किसानों को कृषि उत्पाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना काल में पीपीई किट, अन्य बायोमेडिकल अपशिष्ट का निपटान बड़ी चुनौती : सरकार

नयी दिल्ली ए.। सरकार ने रविवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के इस दौर में पीपीई किट सहित बायोमेडिकल अपशिष्ट का निपटान एक बड़ी चुनौती है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होने बताया केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने बताया है कि स्वास्थ्य पेशेवरों और आम लोगों द्वारा पहने जाने वाले पीपीई किट सहित बायोमेडिकल अपशिष्ट का निपटान कोविड-19 के दौरान बड़ी चुनौती बन गया है।'' कचरा संग्रह एवं उसका निपटान करने वालों में कोविड-19 के संक्रमण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा ''जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है। अतः कचरा संग्रह एवं उसका निपटान करने वालों में, पीपीई किट सहित बायोमेडिकल अपशिष्ट के निपटान के दौरान, कुप्रबंधन की वजह से उनमें कोरोना वायरस का संक्रमण होने को लेकर आंकड़ों का केंद्रीय स्तर पर प्रबंधन नहीं किया जाता।

देश में प्लाज्मा बैंकों की संख्या के बारे में कोई आंकड़े नहीं : सरकार

नयी दिल्ली ए.। सरकार ने रविवार को कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 महामारी के इलाज के लिए 'कॉन्वेलसेंट' प्लाज्मा थैरेपी की सिफारिश नहीं की है और प्लाज्मा बैंकों की स्थापना के बारे में किसी प्रस्ताव पर विचार भी नहीं किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि राज्यों ने कोविड-19 मरीजों को प्लाज्मा थैरेपी मुहैया कराने के लिए ऐसे बैंकों की स्थापना की पहल की है लेकिन इन बैंकों के संबंध में केंद्रीय स्तर पर कोई आंकड़े नहीं रखे गए हैं।

खास खबर

जगदलपुर हवाई अड्डे का आज उद्घाटन करेंगे सीएम भूपेश

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में हवाई अड्डे का नाम इस अंचल की प्रमुख आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के नाम पर किया गया है।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शनिवार को विधिवत तरीके से हवाईअड्डे पर निर्धारित स्थान पर नामकरण संबंधी पट्टिका लगा दी गयी है। सोमवार से यहां से विधिवत तरीके से उड़ान भी प्रारंभ हो जाएंगी। बस्तर कलेक्टर रंजत बंसल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को रायपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हवाईअड्डे से हवाई सेवाओं की विधिवत शुरूआत करेंगे।

व्हाइट हाउस में लिफाफे में भेजा गया जहर

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि व्हाइट हाउस के पते पर लिफाफे में रिसिन नामक घातक जहर भेजा गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस हफ्ते की शुरुआत में व्हाइट हाउस आए पैकेटों की छंटनी के दौरान संदिग्ध पाए गए लिफाफे की जांच की गई। जांच में लिफाफे में रिसिन घातक पदार्थ की पहचान हुई है। जांचकर्ताओं का मानना है कि लिफाफा कनाडा से भेजा गया है और एक संदिग्ध महिला की पहचान की गई है जांचकर्ता यह पता लगाने का प्रयास रहे है कि क्या इस तरह के और लिफाफे भी भेजे गए है। उल्लेखनीय है कि रिसिन बेहद घातक पदार्थ है जिसे कास्टर बीन्स से निकाला जाता है।

बलौदाबाजार में भी कल से सख्त लॉकडाउन

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। रायपुर जिले के साथ ही न्यायधानी बिलासपुर के बाद अब बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में में 22 सितम्बर मंगलवार को रात्रि 12 बजे से लेकर 29 सितम्बर मंगलवार को रात्रि 12 बजे तक एक सप्ताह के लिए सम्पूर्ण लॉक डाउन रहेगा।

राज्य में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों से अब शासन-प्रशासन के भी हाथ-पांव फूलने लगा है। अस्पतालों में बेड की कमी पहले से ही हो गई है। ऐसे में प्रतिदिन हजारों की संख्या में आने वाले नए कोरोना मरीजों के उपचार के लिए स्वास्थ्य अमला भी सकते में हैं। गंभीर मंथन के बाद अब जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले में कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए व्यापारी संघ के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा एवं सहमति के बाद इस आशय के आदेश जारी किए हैं। इस समय का लॉक डाउन पहले की तुलना में कुछ ज्यादा कठोर होगा। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी समान रूप से प्रभावशील होगा।

एनसीडब्ल्यू पायल घोष के यौन शोषण मामले की करेगा जांच

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने रविवार को कहा किअभिनेत्री पायल घोष की ओर से बॉलीवुड के मशहूर निदेशक अनुराग कश्यप पर लगाये गये यौन शोषण के आरोपों की जांच की जायेगी। सुश्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने अभिनेत्री से आयोग में शिकायत दर्ज करने के लिए कहा है और इस मामले की शिकायत संबंधित पुलिस थाना में भी करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री ने ट्विटर पर फिल्म निदेशक पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं जिससे इस मामले की आयोग को जानकारी मिली। अध्यक्ष ने कहा कि एनसीडब्ल्यू में शिकायत करने की प्रक्रिया संबंधी लिंक अभिनेत्री को भेज दिया गया है।आयोग इस मामले की जांच करेगा।

पायल घोष ने शनिवार को एक वीडियो शेयर करके अनुराग कश्यप पर वर्ष 2014-15 के दौरान उसका यौन शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए।

3 महीनों में सरकारी बैंकों को लगा करीब 20 हजार करोड़ रु. का चूना

■ सामने आए धोखाधड़ी के 2867 मामले

■ आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी से खुलासा

नई दिल्ली (ए.)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको में चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 19,964 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 2,867 मामले सामने आए। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी से यह खुलासा हुआ है। आरटीआई कार्यकर्ता चंद्र शेखर गौड़ ने सूचना के अधिकार के तहत रिजर्व बैंक से यह जानकारी मांगी थी। देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में संख्या के हिसाब से धोखाधड़ी के सबसे ज्यादा मामले आए। वहीं मूल्य के हिसाब से बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) धोखाधड़ी से सबसे अधिक प्रभावित रहा।

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून, 2020 में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंको में एसबीआई में सबसे अधिक 2,050 धोखाधड़ी के मामले सामने आए। इन मामलों से जुड़ी राशि 2,325.88 करोड़ रुपये है। मूल्य के हिसाब से बैंक ऑफइंडिया को धोखाधड़ी से सबसे अधिक चोट पहुंची। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया में 5,124.87 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 47 मामलों का पता चला। इसके अलावा केनरा बैंक में 3,885.26 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 33, बैंक ऑफ बड़ौदा में 2,842.94 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 60, इंडियन बैंक में 1,469.79 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 45, इंडियन ओवरसीज बैंक में 1,207.65 करोड़ रुपये ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

ग्राउंड रिपोर्ट | भारत और चीन की सेनाओं के बीच तनाव बरकरार, चीन की इन जगहों पर कब्जा करने की कोशिशें हुई नाकाम तभी चलीं गोलियां

पूर्वी लद्दाख बॉर्डर की छह नई चोटियों पर भारत की मौजूदगी, इसीलिए बौखलाई है चीनी सेना

नई दिल्ली ए.। पूर्वी लद्दाख में भारतीय सेना से मात खाने के बाद चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी बौखलाहट में है। दोनों देशों के बीच अगले दौर की सैन्य बातचीत नहीं हो सकी है क्योंकि चीन ने तारीख कन्फर्म नहीं की है। उसकी तिलमिलाहट की वजह ये है कि पिछले तीन हफ्तों में सेना ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर छह नई ऊचाइयों तक पहुंच बना ली है। इन पहाड़ी इलाकों तक चीनी सेना भी पहुंचना चाहती थी मगर भारत ने चतुराई दिखाई। 29 अगस्त और सितंबर के दूसरे हफ्ते के बीच, सेना के जवानों ने बिना नजर में आए इन छह प्रमुख हिल फीचर्स को अपने कंट्रोल में कर लिया। चीन की तरफ से बातचीत में कोई सकरात्मक प्रगति नहीं हुई है। चीनी सेना की ओर से बीच-बीच में अतिक्रमण की कोशिशें होती रहीं हैं। इसके बाद भारत की सेना लगातार ऑपरेशंस कर रही है जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ऊंचाइयों तक पहुंच बनाई जा रही है।

भारत की कामयाबी से हैरान-परेशान चीन

शीर्ष सरकारी सूत्रों ने कहा, भारतीय सेना ने 29 अगस्त और सितंबर के दूसरे सप्ताह के बीच छह नई ऊंचाइयों तक पहुंच बना ली है। मगर हिल, गुरुंग हिल, रेचिन ला, रेजांग ला, मोखपरी और फिंगर 4 के पास की ऊंचाइयों पर हमारे जवान मौजूद हैं। ये जगहें खाली पड़ी थीं और चीनी सैनिकों के वहां पहुंचने से पहले ही भारतीय जवानों ने रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली। सूत्रों के मुताबिक, ऊंचाइयों पर पहुंचने में नाकाम चीनियों की हताशा के चलते ही सीमा पर लंबे अरसे बाद गोलियां चलीं। पैंगोंग झील के दक्षिणी तट पर हवा में फायरिंग की कम से कम तीन घटनाएं हुईं।

चीन ने भी बढ़ाए सैनिक

सूत्रों ने साफकिया कि ब्लैक टॉप और हेलमेट टॉप एलएसी के उस पार हैं। भारतीय जवान जहां पर हैं, वह इलाके एलएसी के इस ओर आते हैं। भारत की इस कार्रवाई के बाद चीनी सेना ने 3,000 अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती रेजांग ला और रेचिन ला के पास की हैं। इसमें पीएलए की इन्फैंट्री और आर्मर्ड यूनिट्स के जवान शामिल हैं। चीन सेना की मोल्दो यूनिट को पूरी तरह ऐक्टिवेट कर दिया गया है। पिछले कुछ हफ्तों में चीनी सेना ने सैनिकों की संख्या खासी बढ़ाई है।

लॉकडाउन की अवहेलना करने वालों के खिलाफ निगम प्रशासन की टीम ने की सख्त कार्रवाई, शनिवार की रात्रि से निगम की टीम अलर्ट

भिलाई नगर। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरुण पाल लहरें, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, राजस्व विभाग की टीम सहित अन्य अधिकारियों ने शहर का भ्रमण कर लॉकडाउन की स्थिति का जायजा लिया। रहवासी और मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण किया। लोगों से लॉकडाउन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया गया। लॉकडाउन के 1 दिन पूर्व निगम की टीम सतर्क हो गई थी, लॉकडाउन को सफल बनाने के लिए शनिवार को जोन के राजस्व अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें शहर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानों पर लॉकडाउन के नियमों के तहत कड़ाई से पालन कराने अधिकारियों ने निर्देशित किया !

लॉकडाउन को लेकर शनिवार रात्रि से निगम की टीम अलर्ट, सिविक सेंटर में 7 लोगों से वसूला गया जुर्माना 1 दिन पूर्व से ही निगम भिलाई ने लॉकडाउन को लेकर व्यापक रूप से तैयारी कर ली थी शनिवार की रात्रि को निगम की टीम द्वारा अलग-अलग बाजार एवं व्यवसायिक क्षेत्रों का भ्रमण किया गया! सिविक सेंटर में एसडीएम खेम लाल वर्मा एवं उपायुक्त अशोक द्विवेदी के साथ निगम के राजस्व विभाग की टीम ने निर्धारित समय से अधिक देर तक व्यवसाय कर रहे 7 व्यापारियों से 3200 रुपए जुर्माना वसूल किया, शहर की वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए अधिक समय तक खुले हुए दुकानों को बंद कराया गया इस दौरान पुलिस बल मौजूद रही!

सुबह से जायजा लेते रहे अधिकारी: आज प्रातः से ही निगम के आला अधिकारियों ने लॉकडाउन को लेकर निरीक्षण किया गया इस दौरान लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की गई! खुले हुए कई दुकानों को बंद कराया गया! निगम आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से शहर का भ्रमण करना प्रारंभ किया। इस बीच सेक्टर-6, 7, 8, 10 मार्केट, नेहरू नगर, वैशाली नगर, शांति नगर, गौरवपथ, घासीदास नगर, छावनी, नंदनी रोड, पावर हाउस, नेताजी सुभाष मार्केट, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, लिंक रोड और सुपेला मार्केट सहित शहर के अन्य स्थलों में लॉक डाउन की स्थिति का जायजा लेते रहे!

लॉक डाउन का पालन कराने सब्जी व्यापारियों के साथ बैठक लॉक डाउन का पालन कराने आकाशगंगा थोक सब्जी मार्केट के पदाधिकारियों साथ निगम के अधिकारियों ने शनिवार को बैठक कर चर्चा की! जोन एक के आयुक्त ने बताया कि सुपेला लक्ष्मी मार्केट एवं आकाशगंगा मार्केट में सोशल डिस्टेंस का पालन कराने बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जा रही है, साप्ताहिक बाजार पूर्णतः बंद रहेंगे! जोन क्रमांक 3 अंतर्गत सुभाष सब्जी मार्केट, फल मार्केट, मटन एवं मछली मार्केट को निर्धारित समय के बाद बंद कराकर चारों ओर से बैरिकेडिंग की गई है, यहां वाहनों की आवाजाही पर मनाही रहेगी ! जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर मछली मार्केट, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्केट खुर्सीपार को निर्धारित समय के बाद बंद कराया गया!

33 लोगों से 13850 रुपए वसूला गया जुर्माना निगम के जोन क्षेत्र की टीम ने लॉकडाउन के नियमों का पालन नहीं करने वाले 33 लोगों से 13800 रुपए जुर्माना वसूल किया! अनावश्यक खुले हुए दुकानों को समझाइश देकर बंद कराया गया! आज की कार्यवाही में जोन क्रमांक एक ने 9 लोगों से 5200 रुपए, जोन क्रमांक 2 की टीम ने 16 लोगों से 5850 रुपए, जोन क्रमांक 3 की टीम ने 5 लोगों से 800 रुपए, जोन क्रमांक 4 की टीम ने दो लोगों से 1500 रुपए तथा जोन क्रमांक 5 की टीम ने एक व्यक्ति पर कार्रवाई करते हुए 500 रुपए जुर्माना वसूल किया! निगम प्रशासन, आमजन एवं व्यवसायियों से अपील करता है कि लॉकडाउन को सफल बनाने में शासन-प्रशासन का सहयोग करें और कोरोना को हराने में अपनी भागीदारी निभाएं!

डुन्डेरा के युवा साथी कर रहे हैं वृक्ष व मैदान की बच्चे की तरह जतन

■ **पर्यावरण को हराभरा रखने की जूनून ऐसी की, मैदान के चारों ओर किया वृक्षारोपण**

भिलाई। पेड़-पौधों की सेवा पूरे ब्रह्मांड की सेवा है क्योंकि पेड़ हमेशा प्राणियों की सेवा में रहते हैं। प्राणियों द्वारा छोड़े गए विष को पचाकर हमें अमृत देते हैं। भारतीय संस्कृति ने वृक्षों को देवता माना है।इसी को चरितार्थ कर रहे है ग्राम डुन्डेरा के युवा व वरिष्ठ नागरिक,उतई से डुन्डेरा के बिच मैदान में डुन्डेरा के बच्चे,युवा वरिष्ठ सभी मिलकर मैदान को सजाने का कार्य निरंतर कर रहे है।मैदान के चारो तरफ वृक्षारोपण,खेल अभ्यास सामग्री की स्थापना सहित अन्य प्रकार की सेवा मैदान को सुन्दर बनाने कर रहे है।

जन्मदिन या विशेष दिवस को यादगार बनाने करते है वृक्षारोपण: खोमलाल साहू ने बताया की मैदान में अभ्यास करने पहुचने वाले सभी व्यक्ति जन्मदिन या अपने विशेष दिवस को यादगार बनाने वृक्षारोपण करते है व उसे बचाने एक ट्री गार्ड प्रदान करते है।

मैदान में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी कर चुके है वृक्षारोपण- -हाल ही में क्षेत्र के भ्रमण में पहुचे गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने उक्त मैदान में वृक्षारोपण भी किया था।

समय समय पर जनप्रतिनिधि भी करते है सहयोग: मैदान में अभ्यास के साथ साथ इस पुनीत कार्य को देख कर जनप्रतिनिधि भी करते है सहयोग नगर निगम रिसाली के एल्डरमेन व मैदान के सदस्य तरुण बंजारे ने बताया की युवाओ के मांगो को विधायक व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू व उनके पुत्र जीतेन्द्र साहू को अवगत कराते है जिस पर यथासंभव मदद करते रहते है।

मैदान में बनता है पारिवारिक माहौल: टीम के संतोष बंजारे ने कहा की मैदान में एक दूसरे के आचार-विचार मिलने के कारण मित्रता के साथ साथ एक पारिवारिक अपनत्व का अनुभव होता है।

निजी खर्च से मैदान में स्थापित है जिम उपकरण व खेल सामग्री: मनीष खिलाड़ी ने बताया की अपने शरीर को फिट रखने रोज सुबह 5 बजे से सैकड़ो की संख्या में लोग मैदान में पहुचते है।जिसके लिए मैदान के प्रमुख सदस्यों द्वारा अपने निजी खर्चो से जिम उपकरण व खेल सामग्री मैदान में उपलब्ध कराये है।

स्वस्थ शरीर के लिए अनुकूल माहौल: पोषण क्षत्री ने कहा की मैदान में वृक्षारोपण, योगा, व्यायाम, खेल-कूद एवँ अन्य गतिविधियों से मानसिक एवँ शारीरिक स्वस्थता का आभाष होता है।निश्चित ही यह मैदान स्वस्थ शरीर के लिए अनुकूल माहौल पैदा करता है

हर सप्ताह के रविवार को करते है पुरे मैदान की सफाई: धनेश मानिकपुरी ने कहा की प्रदूषण किसी भी प्रकार का क्यों न हो उससे बचाने के लिए यदि थोड़ा सा भी सही दिशा में प्रयास करें, तो निश्चित तौर पर अपने पर्यावरण के लिए हम बहुत कुछ कर सकते हैं।इसी उद्देश्य को लेकर हम सभी साथी हर रविवार को पुरे मैदान का साफ़ सफाई का कार्य करते है।

टीम के टिकेश्वर साहू ने अपने जन्मदिन पर मैदान के लिए दर्जनों ट्री-गार्ड मैदान को उपलब्ध कराये

मैदान में नए आने वाले लोगो को व्यायाम के प्रति करते है प्रेरित: पुलिस विभाग के एसआई धर्मेश साहू,विकास साहू,पन्ना सोनी,लुमेश गायकवाड़ के द्वारा प्रशिक्षक के रूप में मैदान में आने वाले नए व्यक्तियो व युवाओ को व्यायाम,योग,पर्यावरण एवँ स्वस्थ शरीर की आवस्यक्ताओ की महत्त्व को बताते है।

मैदान को सहेजने निरन्तर सेवा देने वाले में मनीष खिलारी, संतोष बंजारे, पोषण क्षत्रिय,धनेष मानिक पूरी, खोमलाल साहू,तरुण बंजारे,विकाश साहू,धर्मेश साहू, दिनेश बंजारे,लकी साहू,फनेस साहू, धनंजय साहू, रूपेश सिह, टिकेशवर साहू, पंना सोनी,मेहूल ठाकूर,सोम्मू छत्रिय,योगेश देवागन, राज यादव,हितेश साहू सहित अन्य शामिल है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सर्वे के लिए विशेष निर्देश

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे द्वारा लॉकडाउन की अवधि में संबंधित नगरीय निकाय दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली, जामुल एवं कुम्हारी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर जाकर कोरोना संक्रमण से सम्बंधित सर्वे करने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त पचास वर्ष से अधिक आयु के निवासियों का विशेष रूप से सर्वे किए जाने का निर्देश दिये हैं। दिनांक 21 सितंबर 2020, सोमवार से समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सदस्य के द्वारा अपने सर्वे क्षेत्र में घर-घर जाकर कोरोना संक्रमण से सम्बंधित सर्वे का कार्य किया जाएगा। इस सर्वे कार्य में ऐसे क्षेत्रों को ऐसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां कोरोना संक्रमण से संबंधित प्रकरणों की संख्या ज्यादा अथवा सघन बस्तियां हैं। सर्वे के कार्य से संबंधित जानकारियों का मिलान प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के सर्वे रजिस्टर में दर्ज परिवारों की संख्या एवं सर्वे रजिस्टर अनुसार दर्ज जनसंख्या से किया जाना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कोरोना सर्वे के परिवारों की संख्या एवं जनसंख्या आंगनबाड़ी केंद्र के सर्वे रजिस्टर से मिलती होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक की होगी। सर्वे के दौरान पचास से अधिक उम्र के व्यक्तियों की जानकारी पृथक से दी जानी चाहिए, इस जानकारी के अंत में लक्षण युक्त एवं लक्षण मुक्त व्यक्तियों की जानकारी अलग से अंकित किया जाना चाहिये । जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑक्सीमीटर का उपयोग, जिला प्रशासन द्वारा चिन्हांकित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। ऐसे क्षेत्रों का सर्वे पूर्ण होने के बाद वहां उपयोग में लाए गए ऑक्सीमीटर का उपयोग अन्य सामान्य क्षेत्रों में किया जाए।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./1407/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पुष्पा एक्का पति लेओस एक्का निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 153/18 कुल रकबा 0.035 हे. मे से 1344 वर्गफीट भूमि को विक्रेता श्रीमती ज्योत्सना तिर्की पति अब्राहम तिर्की निवासी ग्राम रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 04.07.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं समक्ष अधिकारी गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्की कुमार कोरे आ. भरतलाल कोरे निवासी ग्राम गुण्डरदेही तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम गुण्डरदेही तहसील गुण्डरदेही द्वारा भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 918/2 रकबा 0.02 हेक्टे. रकबा 0.02 भूमि को गैर कृषि प्रयोजन आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह नियत तारीख 23.09.2020 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 9.9.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
गुण्डरदेही जिला-बालोद

जल स्त्रोत को स्वच्छ रखने तालाबों की सफाई पर फोकस

भिलाई नगर। कोविड-19 की महामारी में भी निगम के कर्मचारी स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंड पर खरा उतरने पूरा जोर लगा दिया है। अस्पताल, सार्वजनिक भवन, सामुदायिक भवन और बाजारों का सेनिटाईजेशन करने के साथ ही शहर के सड़क, नाली और तालाबों की सफाई व्यवस्था में जुटी हुई है। निगम के स्वच्छता विभाग के प्रभारी अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा का कहना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण -2021 के मापदंड में कुछ बदलाव किया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंड में वाटर प्लस सर्टिफिकेट सहित कुछ कंडिका जोड़ा गया है। निगम मापदंड के अनुसार ही शतप्रतिशत घरों से नियमित कचरा संग्रहण, सड़क, नाली की सफाई के साथ जल स्त्रोत जैसे तालाबों की सफाई को रूटीन कार्य में शामिल किया है। 10-12 दिन के अंतराल में शहर के छोटे बड़े तालाबों की सफाई की जा रही है। इसके अलावा सार्वजनिक शौचालयों का मेंटनेंस किया जा रहा है। चौक-चौराहे के साथ प्रमुख सड़कों की प्राथमिकता से सफाई की जा रही है। निगम क्षेत्र में छोटे-बड़े 24 तालाब है। जहां लोग निस्तारी करते हैं। इसलिए निगम ने इन तालाबों को स्वच्छ रखने की दिशा में काम कर रही है। तालाबों के मुहाने पर जाली लगाई गई है। जन सहयोग से भी तालाबों को स्वच्छ रखने की मुहिम चलाई जा रही है। इसके अलावा निगम ने नालों के पानी को रीयूज करने के लिए खुर्सीपार तेलहा नाला में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। प्लांट लगाने का कार्य भी शुरू हो गया है।

निधन

श्रीमती लक्ष्मी विश्वकर्मा

भिलाई। भिलाई निवासी श्रीमती लक्ष्मी विश्वकर्मा का शुक्रवार को दुःखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। श्रीमती लक्ष्मी दो पुत्र गणेश तथा रमेश की माता थीं तथा सागर, गौरव एवं शेखर की दादी थीं।

लोन लेने के लिए ITR बनवाएं मात्र 500/- में
ITR GST
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
इंकम TAX फाईल
TDS रिफंड
IT नोटिस
Food Licence
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
डिजिटल सिग्नेचर
शेखर गुप्ता 9300755544 8878655544
ONLY TDS.COM

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI PROJECT, RAIPUR
(CHATTISGARH)

MATIONAL OPEN COMOETITIVE PROCUREMENT

(Two-Envelope Bidding Process with e-Procurement)

e-PROCUREMENT REQUEST FOR BIDS

eProcurement Portal : https://eprocure.gov.in

CORRIGENDUM NO.1

1.	In Bid Tender ID.2020 WRCWB_579354_1, RFB No. 06/SAC/2020-21, Rudri Dated 01.09.2020 G.No. 83453/10. The following amendments are given below.
2.	In Bid Tender ID. 2020-WRCWB_580763_1, RFB No. 07/SAC/2020-21, Rudri Dated 01.09.2020, G.No. 83454/5. The following amendments are given below.
3.	In Bid Tender ID. 2020-WRCWB_580775_1. RFB No. 08/SAC/2020-21, Rudri Dated 01.09.2020, G.No.83456/3. The following amendments are given below.
4.	In Bid Tender ID. 2020_WRCWB_581061_1. RFB No. 09/SAC/2020-21, Rudri Dated 02.09.2020, G.No. 83476/4. The following amendments are given below.
5.	In Bid System No. 2020_WRCWB_58151_1,, RFB No.10/SAC/2020-21, Rudri Dated 02.09.2020, G.No. 83479/4. The follwing amendments are given below.

Above Corrigendum-01 already Upload to e-procurement web site-https://eprocure.gov.in

Executive Engineer
Water Management Dn., Rudri
Code No. 38
For Chief engineer,
Mahanadi Project, Raipur (C.G.)

G-83738/10

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 41/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2020 रायपुर, दिनांक 11/09/2020

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर) से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें (1) लिफाफा ''अ'' में कार्य हेतु निर्धारित अमानती राशि का FDR जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय हो। (2) लिफाफा ''ब'' में सील बंद निविदाएं पृथक-पृथक लिफाफे में आमंत्रित की जाती है जिसमें निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज संलग्न किया जाना अनिवार्य है। इन कार्यों का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 24/09/2020 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किय जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनांक 01/10/2020 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जोन कमिश्नर जोन क्रमांक 06 नगर पालिक निगम, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.) में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 03/10/2020 को 11.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समया अवधि
1.	वार्ड क्र. 60 अंतर्गत आंगनबाड़ी के पीछे कुम्हार पारा में सी.सी. रोड, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।	1975000.00	14900.00	750.00	PWD ROAD & BUILDING SOR 01.01.2015	15 दिन
2.	वार्ड क्र. 60 अंतर्गत वैष्णवी डेंटल क्लीनिक के पास सी.सी. रोड, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।	1989000.00	15000.00	750.00	PWD ROAD & BUILDING SOR 01.01.2015	3 माह
3.	वार्ड क्र. 60 अंतर्गत अल्फा पब्लिक स्कूल के पीछे चौरसिया कालोनी में सी.सी. रोड, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।	1991000.00	15000.00	750.00	PWD ROAD & BUILDING SOR 01.01.2015	3 माह
4.	वार्ड क्र. 60 अंतर्गत ग्लैमरस ब्यूटी पार्लर के पास चौरसिया कालोनी में सी.सी. रोड, नाली, एवं पुलिया निर्माण कार्य।	1995000.00	15000.00	750.00	PWD ROAD & BUILDING SOR 01.01.2015	3 माह
5.	वार्ड क्र. 60 अंतर्गत ए-1 ट्यूशन क्लासेस के सामने चौरसिया कालोनी में सी.सी. रोड नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।	1987000.00	15000.00	750.00	PWD ROAD & BUILDING SOR 01.01.2015	3 माह

- कार्य के निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

(1) अमानती राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के पदनाम से मूलप्रति पृथक लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदाकारों द्वारा निविदा के साथ (a) Bank Solvancy (b) Valid Registration Certificate (c) तीन साल का ITR (इनकम टैक्स रिटर्न) एवं तीन माह का GSTR की प्रति व जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति संलग्न करें। (3) संलग्न प्रपत्रों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करें।

टीप :- निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने की तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है, तो वह आगामी कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा। निविदा स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा के नियमों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा एवं निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्तें कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

पेयजल, सड़कबत्ती, सफाई समस्याएं, निराकरण संपर्क निदान- 1100

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यूज गैलरी

रिचार्ज का 50 रुपयें वापस लेने के चक्कर में ऑनलाईन हजारों की ठगी

रायपुर। ऑनलाईन मोबाईल रिचार्ज करने के दौरान युवक के खाते से 86 हजार रुपयें किसी ने अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। घटना की रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज की गई है। प्रेमनगर मोवा पण्डरी निवासी जे पापा राव 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 2 सितंबर को फोन पे के माध्यम से 50 रुपयें का मोबाईल पर रिचार्ज कराया था। जिसके बाद सिम में बैलेन्स नहीं आया व 50 रू कट जाने पर पीड़ित ने गुगल पे के माध्यम से कस्टमर केयर का नम्बर लेकर मोबाईल क्रमांक 85090-50098 एवं 98325-60020 पर कॉल किया। कॉल करने पर एक व्यक्ति ने अपने सीनियर से बात करने की बात कहकर किसी और से बात कराया व उसके द्वारा बताये गये प्रोसेस करने के बाद बैलेस चेक करने को कहा और 5 बार 7 नंबर एवं 4 बार 8 नंबर मोबाईल पर दबाने बोला जिसके बाद खाते से 2 बार में 86 हजार 665 रुपयें आरोपी ने खाते में ऑनलाईन ट्रांसफर हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

रुपये गलत खाते में जाने पर किया कस्टमर केयर पर कॉल, हजारों रुपये पार

रायपुर। ऑनलाईन पेटीएम से रुपयें ट्रांसफर करते समय गलत खाते में रुपयें जमा हो जाने पर कस्टमर केयर पर दिये नंबर पर कॉल करने पर आरोपी के द्वारा बताये गये प्रोसेस किया तो खाते से 2 बार भुगतान करा लिया। आकाश गैस गोडाउन, बाबा सदन गुढ़ियारी निवासी शशि कुमार सिंह 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि दिनांक 12 अगस्त को पेटीएम से रुपयें ट्रांसफर करने के दौरान गलत भुगतान हो गया। जिसके बाद पीड़ित ने कस्टमर केयर से नंबर लेकर कॉल किया व उनके द्वारा बताये गये प्रोसेस करने के दौरान पीड़ित के खाते 2 बार में प्रार्थी के आईसीआईसीआई बैंक खाता क्रमांक 307010100006789 से 41 हजार 870 रुपयें कट गये। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

क्रेशर मशीन की चपेट में आने से फिटर की मौत

रायपुर। कंपनी में काम करने के दौरान मजदूर क्रेशर मशीन की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो जाने पर धरसींवा पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम कोहरिया बेरला जिला बेमेतरा निवासी धनेश साहु ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का छोटा भाई सुनील स्पंज फेस-2 धरसींवा में फीटर का काम करता है। 19 सितंबर को प्रार्थी का छोटा भाई लुकेश 24 वर्ष बिना कंपनी में काम करते समय क्रेशर मशीन की चपेट आ जाने से गंभीर रुप से घायल अवस्था में उसे मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया था जहां डाक्टरों ने उसे जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। बिना सुरक्षा व्यवस्था के लापरवाही पूर्वक काम कराने के जुर्म में पुलिस ने ठेकेदार जेपी दुबे के खिलाफ धारा 287,304ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

निधन

पीपी डेकाटे

रायपुर। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक हैं। अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि राजीव नगर निवासी 66 वर्षीय पीपी डेकाटे का स्वर्गवास 19 सितम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 सितम्बर रविवार को 12:30 बजे किया गया। वे अंकित, सांत्वना के पापा, श्रीमती विद्या डेकाटे के पति, एसपी डेकाटे के भाई व हंसपाल सिंह हुरा के ससुर थे।

हर गांव-शहर में ऐसी संस्था की आवश्यकता, जो महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन के उपयोग और समस्याओं के प्रति करें जागरूक : सुश्री उइके

राज्यपाल कीर्तिश केयर फाउंडेशन द्वारा महिलाओं पर केन्द्रित प्रथम प्रोजेक्ट यूनिकॉर्न क्लब के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम में हुई शामिल

संस्था को छत्तीसगढ़ के ग्रामीण-आदिवासी इलाकों में कार्य करने का किया आग्रह

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। आज हर गांव या शहर में ऐसी संस्था की आवश्यकता है, जो स्वयं आगे आएं और ग्रामीण क्षेत्रों-स्लम एरिया में महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन के उपयोग और उनकी स्वास्थ्यगत समस्याओं के प्रति जागरूक करे, क्योंकि एक महिला के स्वस्थ रहने से पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा और परिवार स्वस्थ रहने से समाज स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति में समर्पित होकर योगदान दे सकेगा। यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कही। वे आज कीर्तिश केयर फाउंडेशन द्वारा महिलाओं पर केन्द्रित प्रथम प्रोजेक्ट यूनिकॉर्न क्लब के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

राज्यपाल ने इस कार्य के लिए संस्था को बधाई देते हुए कहा कि इसे एक क्षेत्र में सीमित न रखकर छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में भी क्रियान्वित करें। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडिल स्कूल और हाईस्कूल में छात्राओं को महिलाओं के स्वास्थ्यगत समस्याओं और सेनेटरी नेपकिन के उपयोग की जानकारी स्कूली शिक्षा के दौरान देनी चाहिए इससे वे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगी और अपने आप को स्वस्थ रखेंगी। यह अच्छी बात है कि कीर्तिश केयर फाउंडेशन द्वारा शहरी इलाकों के स्लम एरिया और ग्रामीण-आदिवासी इलाकों में सेनेटरी पेड का निःशुल्क वितरण किया जाएगा, जो एक महत्वपूर्ण कार्य होने के साथ-साथ मानवीय कार्य भी है।

राज्यपाल ने कहा कि वे राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य थी तो आयोग द्वारा देश के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में सर्वे करने पर यह ज्ञात हुआ था कि उस क्षेत्र में महिलाओं मासिक धर्म के दौरान पुराने कपड़े का उपयोग करती हैं, जिससे उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए जब राष्ट्रीय जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष बनी तब उन्होंने ओ.एन.जी.सी. संस्था से सीएसआर मद से सेनेटरी नेपकिन का वितरण करने का आग्रह किया। उन्होंने मेरे आग्रह को स्वीकार करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों और स्कूलों में 56 हजार सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया।

उन्होंने कहा कि गत दिनों फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म पेडमेन के बारे में हमने सुना और देखा भी। वास्तव में यह मुवी रियल हीरो कोयंबटूर निवासी अरूणाचलम मुरुगनाथम की जिंदगी पर बनी थी, जिन्होंने अपने घर और गांव की महिलाओं की परेशानियों को समझा। प्रारंभ में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, कई परेशानियों का सामना करना पड़ा, परन्तु वे हिम्मत नहीं हारे और ऐसी मशीन बनाई, जिससे सस्ती दरों पर सेनेटरी नेपकिन बनाई गई। इससे उन्होंने गरीब और पिछड़े इलाकों में सेनेटरी नेपकिन मुहैया करा सके। वे ऐसा इसलिए कर सके क्योंकि उनके मन में आम व्यक्तियों की पीड़ा को समझने और मदद करने की भावना थी।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि आज हमारा समाज शिक्षित हो रहा है लेकिन यह दुख की बात है कि समाज का एक हिस्सा है जो ऐसी जानकारियों से अनभिज्ञ है और इस प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहा है। ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए हमें सिर्फ सरकार की ओर ही नहीं देखना चाहिए बल्कि हम सिविल सोसायटी की भी जिम्मेदारी है कि वे आगे आएं और कार्य करें। मैं कीर्तिश केयर फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती कीर्ति सुधांशु को साधुवाद देती हूं, जिनका जन्म स्थान छिंदवाड़ा है और जो विदेश में कार्यरत होने के बावजूद अपने देश के लिए यह कार्य करने का बीड़ा उठाया।

कीर्तिश केयर फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती कीर्ति सुधांशु ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी और राज्यपाल के आग्रह पर कहा कि उनकी संस्था जल्द ही छत्तीसगढ़ में भी निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण तथा अन्य कार्यों को क्रियान्वित करेगी। इस अवसर पर 'आयरा' पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस कार्यक्रम में यूनिकॉर्न क्लब की प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीमती वंदना रस्तोगी, श्रीमती एस.डब्ल्यू ब्राउन, श्री नितिन जैन तथा अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

नियमितीकरण की मांग को लेकर विद्यामितान शिक्षक संघ ने की अनिश्चित कालीन हड़ताल

मांगे पूर्ण नहीं होने पर संघ आज निकालेगा प्रतिकात्मक शवयात्रा

रायपुर। छत्तीसगढ़ विद्यामितान शिक्षक संघ द्वारा कई बार नियमितीकरण की मांग को लेकर पिछली भाजपा सरकार एवं वर्तमान कांग्रेस सरकार में स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन सहित अनेक जिम्मेदारों को ज्ञापन सौंपने के बाद भी अब तक मांग पूरी नहीं हुई है। प्रदेश शासन द्वारा ढाई हजार से भी अधिक विद्यामितान शिक्षकों द्वारा विगत अगस्त माह में भी बूढ़ापारा धरनास्थल में धरना दिया गया था जिम्मेदारों द्वारा आश्वासन देने के बाद मांग पूरी होने की जानकारी देने के बाद धरना स्थगित कर दिया गया था। आज से बूढ़ापारा धरनास्थल में विद्यामितान शिक्षक संघ द्वारा नियमितीकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया गया है। 21 सितंबर सोमवार को संघ के सदस्यों द्वारा प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर प्रदेश शासन से समस्त शिक्षकों को तत्काल नियमित करने की मांग की जाएगी। वहीं तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेता विजय पाठक ने विद्यामितान संघ के मांग का समर्थन करते हुए सभा स्थल को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक नियमितीकरण की मांग शासन द्वारा पूरी नहीं की जाएगी तब तक संघ का धरना जारी रहेगा। कोरोना काल में दिये जा रहे धरने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संघ के सदस्यों ने कहा कि इस दौरान किसी के साथ कोई अनहोनी होती है तो उसके लिए स्कूल शिक्षामंत्री, मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा विभाग प्रशासनिक जिम्मेदार जवाबदेह होंगे।

किसानों को कॉर्पोरेट-निजी कंपनियों की गुलाम बनाने की साजिश कर रही केन्द्र सरकार

रायपुर। प्रदेश के गृहमंत्री व अन्य पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू ने केन्द्र सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार का किसान विरोधी यह विधेयक किसानों को सीधे-सीधे कॉर्पोरेट व निजी कंपनियों की गुलाम बनाने की साजिश है।

श्री साहू ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसानों का शोषण करने के ध्येय से देश में नए किसान अध्यादेश लेकर आई है। मैं स्वयं किसान का बेटा हूँ, कृषक पृष्ठभूमि से आता हूँ इसीलिए, यह कह सकता हूँ की यह बिल पूरी तरह से किसान विरोधी है और मैं इस देश के अन्य सभी किसान साथियों की तरह इस बिल का

पुरजोर विरोध करता हूँ। उन्होंने अध्यादेश में किसान विरोधी कारणों को गिनवाते हुए कहा कि अगर मंडियां खत्म हो गई तो किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पाएगी जिससे किसानों में अफरातफरी व असंतोष का माहौल उत्पन्न होगा। इन विधेयकों में कीमतों को तय करने का कोई तंत्र नहीं है। जायज़ है कि इस व्यवस्था से निजी कंपनियां किसानों का शोषण करेंगी और उन्हें उचित मूल्य प्राप्त नहीं होगी। किसानों की ज़मीन निजी कंपनियों व कॉर्पोरेट के हाथों में चली जाएगी। प्राइवेट व्यापारी इस ज़रिए फसलों की जमाखोरी करेंगे। इससे बाजार में अस्थिरता उत्पन्न होगी और महंगाई बढ़ेगी। ऐसे में इन्हें नियंत्रित किए जाने की आवश्यकता है जिसके बारे में इस बिल में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। अगर फसलों के उचित दाम नहीं दिए जाएंगे तो किसान राज्य दर राज्य जाकर अपनी फसलें बेचने की कोशिश करेंगे। ऐसे में सभी राज्य सरकारों को फसल संबंधित दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

छत्तीसगढ़ में कोरोना विस्फोट के लिए राज्य सरकार दोषी

रायपुर। राज्य में कोरोना संक्रमण की विस्फोटक स्थिति के बीच अब फिर से लगने वाले लॉकडाउन को लेकर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। श्री कौशिक ने कहा कि कोरोना को लेकर राज्य सरकार न पहले गंभीर थी और न ही अब है।

श्री कौशिक ने कहा कि हमारे द्वारा लगातार राज्य सरकार को कोरोना की भयावकता से आगाह किया जाता रहा है, लेकिन राज्य सरकार ने इस पर कभी कोई गंभीरता नहीं दिखाई। परिणाम स्वरूप आज राज्य में कोरोना विस्फोटक स्थिति में आ गया है। श्री कौशिक ने कहा कि कोरोना के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिये प्रदेश की सरकार को सभी वर्ग से चर्चा करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उद्योगपति, व्यापारियों और आमजनों से वर्तमान हालत पर सरकार को चर्चा कर के पूरे प्रदेश में एक साथ ही लॉकडाउन लगाने पर उचित कदम उठाना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिलावार लॉकडाउन लगाये जाने के बजाय पूरे प्रदेश में एक साथ ही लागू किया जाना चाहिये।वही इस समय पर लॉकडाउन को लेकर सारा कमान प्रदेश सरकार को अपने हाथों पर लेना चाहिये। इसके साथ ही दो सप्ताह के लिये लॉकडाउन लगाने की जरूरत है ताकि कोरोना के हो रहे लगातार विस्तार की गति पर विराम लग सके।एक सप्ताह का लॉकडाउन पर्याप्त समय नहीं है। जिसके सार्थक परिणाम भी नहीं आयेंगे। उन्होंने कहा प्रदेश में सक्रिय केस की संख्या को प्रदेश सरकार छुपा रही है।जिसके चलते स्थिति और बिगड़ती जा रही है। अब हालत तो यहां तक बिगड़ चुके है कि मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए भी विवाद होने लगे है।

लॉकडाउन को सफल बनाने संसदीय सचिव विकास ने शहर में किया रोड शो

रायपुर। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कल रात 09 बजे से एक सप्ताह के लिए पूरे जिले में लगने वाले लॉकडाउन को लेकर आमजनों को जागरूक करने आज रोड-शो किया। खुली गाड़ी में सवार होकर वे लोगों से अपने-अपने घरों में सुरक्षित रहने तथा कोरोना की लड़ाई में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए शहर भ्रमण किया।

रायपुर पश्चिम के विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय कोरोना के संक्रमण के शुरूआती दौर से ही इसके खिलाफ मुहिम छेड़े हुए हैं। वर्तमान में राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में जिस तरह से कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा

शहर भ्रमण कर आमजनों से घरों में ही रहने की अपील

बढ़ता जा रहा है, इससे सभी चिंतित हैं। अब जिला प्रशासन द्वारा सोमवार रात 09 बजे से 28 सितंबर तक के लिए जारी लॉकडाउन के निर्णय के बाद श्री उपाध्याय ने अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए आज शहरवासियों को जागरूक करने तथा लॉकडाउन को सफल बनाने की अपील करते हुए शहर भ्रमण पर निकले हैं।

श्री उपाध्याय आज सुबह 9 बजे अपने निवास से एक खुली गाड़ी में सवार होकर शहर भ्रमण पर निकले। लाउडस्पीकर पर वे शहरवासियों से घरों पर ही रहने की अपील करते हुए भ्रमण कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। निवास स्थान एनआईटी के सामने से शुरू हुआ रोड-शो वंदना ऑटो, आश्रम चौक, आमापारा चौक, अग्रसेन चौक, तेलघानीनाका, गुढ़ियारी, भारतमाता चौक होते हुए स्टेशन रोड से शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक, सदरबाजार, सत्तीबाजार, कंकालीपारा चौक, पुरानीबस्ती, लाखेनगर, अश्वनी नगर, सुंदरनगर, रायपुरा, सरोना, टाटीबंध चौक होते हुए वापस निवास स्थान आकर समाप्त हुआ।

गुस्सा किसान मूल्य आश्वासन विधेयक भाजपा के किसान विरोधी चरित्र की ऊपज

सड़क से सदन तक विरोध के बावजूद मोदी सरकार खेती का काला कानून बनाने पर अड़ी - कांग्रेस

रायपुर। केंद्र सरकार द्वारा कथित रूप से कृषि सुधार के नाम पर लाये गए तीन विधेयक और पूरे देश के द्वारा इनके विरोध के बावजूद विधेयक को पारित करने की अकुलाहट से एक बार फिर से भाजपा का किसान विरोधी चेहरा सामने आया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश के किसान इन विधेयकों का विरोध कर रहे सदन के अंदर विपक्षी दल विरोध कर रहे राज्य सभा मे विधेयक की प्रतियां फाड़ी जा रही फिर भी मोदी सरकार इस कानून को बनाने की जिद पर क्यो अड़ी है। सारा देश मान रहा कि किसान मूल्य आश्वासन और खेत पर समझौता सेवाएं विधेयक मूलतः किसान विरोधी है। यह बिचौलियों और मुनाफाखोरो को प्रोत्साहन देने वाला है। इस विधेयक के कानून बनने से मंडी व्यवस्था नष्ट हो जाएगी। मंडी में किसानों को

उनके उपज की न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलने को सुनिश्चित करने का प्रावधान है। मंडी में पंजीकृत व्यापारी ही किसानों से उनकी उपज खरीद सकते है। नए विधेयक में कोई भी पेनकार्डधारी व्यक्ति किसान से खरीदी कर सकता है। नए विधेयकों के कानून बनने के बाद किसान को उसके उपज की न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कोई भी प्रावधान नहीं है, इस परिस्थिति में किसान शोषण का शिकार होंगे। यह किसानों को बाजार के जोखिम के अधीन सौपने की साजिश है।

भूपेश सरकार ने किसानों का कर्जा माफ, धान की कीमत 2500रु क्विं. दिये तो भाजपा के पेट में दर्द क्यो : धनंजय

रायपुर। भाजपा किसान मोर्चा के बयान पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त की प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा देशभर के किसानों के विरोध में लाए गए काला कानून पर लीपापोती करने के लिए तथाकथित भाजपा के किसान नेता पूंजीपतियों के एजेंट अब माटी पुत्र किसान हितैषी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। जलाना है तो मोदी सरकार की किसान विरोधी तीन काला अध्यादेश की प्रतियाँ जलाये, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों का कर्ज माफकी धान की कीमत 2500 रु दे रही है।किसानों से किए वादा तो रमन सरकार ने पूरा नहीं किया ना ही अब मोदी सरकार

वादा निभा रही है। रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में 2100 रु धान की कीमत और 300 रु बोनस देने का वादा किया था। किसानों को 5 हॉर्स पावर तक का मुफ्त में पंप और बिजली देने का वादा किया था जो वादा पूरा नहीं हुआ। मोदी की सरकार किसानों को स्वामीनाथन कमेटी के सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने का वादा किया था जो अब तक पूरा नहीं हुआ। सस्ते दरों पर रासायनिक खाद सस्ती डीजल सहित किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था लेकिन काला कानून लाकर कृषि क्षेत्र को पूंजीपतियों के हाथों में गिरवी रखने का काम मोदी सरकार कर रही है।

कलिंगा विश्वविद्याल, रायपुर द्वारा जीपैट परीक्षा की तैयारी

व्यवहार कौशल विकास तथा कैरियर मार्गदर्शन के लिए एक दिवसीय वेबीनार आयोजित

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय अपने छात्रों को बौद्धिक और नैतिक रूप से तैयार करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप फार्मेसी संकाय 17 सितम्बर को कैरियर मार्गदर्शन, जीपैट परीक्षा की तैयारी और व्यवहार कौशल के विकास पर एक दिन का वेबीनार आयोजित किया। यह वेबीनार छात्रों के लिए एक बहुत ही उपयोगी मंच प्रदान करता है। छात्रों को वेबीनार के माध्यम से पता चला कि उन्हें जीपैट परीक्षा की तैयारी कैसे करनी है, परीक्षा की तैयारी के दौरान छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करें और समस्याओं को कैसे हल करें।

वेबीनार दो सत्रों में हुआ। प्रथम सत्र सम्मानित वक्ता श्री उत्सव वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। श्री उत्सव वर्मा, डॉ. हरिसिंह गौर, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर, मध्यप्रदेश से फार्मास्यूटिक्स विशेषज्ञता में अपने एम. फार्मा. (अंतिम वर्ष) में अध्ययन कर रहे हैं। और जीपैट/नाइपर/फार्मासिस्ट/ ड्रग इंस्पेक्टर में बी. फार्मा. अंतिम वर्ष के छात्रों के प्रतिस्पर्धात्मक रणनीतियों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। अपने संवाद में उन्होंने इस वेबीनार के आयोजन के लिए जीपैट डिस्कशन सेंटर संस्था की ओर से धन्यवाद ज्ञापन किया। यह संस्था जीपैट और फार्मेसी से सम्बन्धित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सहायक है उन्होंने यह भी कहा कि इस महामारी की स्थिति के दौरान ऑन लाइन टेस्ट और वेबीनार जीपैट के छात्रों को प्रोत्साहन के लिए अच्छे हैं। उन्होंने छात्रों को परीक्षा की तैयारी के लिए एक अच्छी संदर्भ पुस्तक का चयन करने का सुझाव दिया और उन्हें मानसिक तनाव को नियंत्रित करने, ऊर्जा को बढ़ाने और परीक्षा प्रक्रिया के दौरान आने वाली परेशानी को दूर करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस वेबीनार में बी. फार्मेसी द्वितीय, तृतीय और अंतिम वर्ष और डी. फार्मेसी अंतिम वर्ष के छात्रों ने सत्र के दौरान सकारात्मक प्रतिक्रिया देकर सत्र में भाग लिया। दूसरे सत्र में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए जीडीसी, जीपैट संख्या द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान धारक को पुरस्कार और छात्रवृत्ति देने की घोषणा की गई। सभी छात्रों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस आयोजन में दिवेश पाण्डेय बी. फार्मेसी 5वाँ

नव प्रदेश

अभिव्यक्ति

रायपुर, सोमवार, 21 सितंबर 2020

संपादकीय

बॉलीवुड के बुरे दिन शुरू

सुशांत-रिया केस के बाद से बॉलीवुड के बुरे दिन शुरू हो गए है। कोरोना काल के चलते पहले ही पिछले छह माह से बॉलीवुड का काम ठप्प पड़ा हुआ है और फिल्मकार घर में बेकार बैठे मक्खी मार रहे हैं। फिल्में नहीं बन रही है और देश की सभी सिनेमाघर बंद है। लेकिन इसका लोगों पर कोई खास असर नहीं पड़ रहा है। यदि और लंबे समय तक फिल्में नहीं बनेगी तो भी दर्शकों को कोई फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन फिल्मकार संकट में पड़ जाएंगे। सुशांत-रिया केस के बाद जब बॉलीवुड के ड्रग्स कनेक्शन का खुलासा हुआ है तो कई नामी गिरामी फिल्मकार इसकी चपेट में आ रहे हैं। इससे लोगों में फिल्मी कलाकारों के प्रति जो सम्मान की भावना थी वह अब खत्म होती जा रही है। अब मुंबई से फिल्म सिटी को अन्त्र स्थानांतरित करने की मांग भी जोर पकड़ने लगी है। महाराष्ट्र में जो भी सरकार होती है वह इस बात का घमंड करती है कि मुंबई में बॉलीवुड है जो लाखों लोगों को रोजगार देता है लेकिन इसी बॉलीवुड में हजारों कलाकारों का शोषण भी होता है। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि हिन्दी फिल्मों का केन्द्र मुंबई से हटाकर किसी हिन्दी भाषी प्रदेश में बनाया जाए। इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी बनाने की घोषणा की है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। संभवतः नई दिल्ली से लगे नोएडा या ग्रेटर नोएडा में फिल्म सिटी बनाई जाएगी। इसका काम जितनी जल्दी शुरू हो उतना ही अच्छा है। जब तमिल फिल्में तमिलनाडु के चेन्नई में बनती है और तेलगू फिल्में तेलगांना के हैदराबाद में बनाई जाती है तो हिन्दी फिल्में भी महाराष्ट्र के मुंबई की जगह हिन्दी भाषी राज्य उत्तरप्रदेश में क्यों नहीं बनाई जा सकती? उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा हिन्दी भाषी राज्य है इसलिए वहीं फिल्म सिटी बननी चाहिए। ताकि सच्ची हिन्दी फिल्मों का निर्माण हो। मुंबई में तो बॉलीवुड पर कुख्यात डॉन दाउद इब्राहिम का वर्चस्व कायम हो गया था जो अभी भी किसी ना किसी रूप में कायम है। दाउद इब्राहिम द्वारा फाईनेंस की गई हिन्दी फिल्मों में माफियाओं और अफराधियों के महिमा मंडित करने वाले फिल्में ज्यादा बनती रही है। सेक्स और हिंसा की भरमार वाली ऐसी फिल्में युवा पीढ़ि को पथभ्रष्ट करती रही है। बॉलीवुड का स्थानांतरण हो जाएगा तो साफ-सुथरी फिल्मी बनने की उम्मीद जगेगी। इस बारे में उत्तर प्रदेश सरकार को जल्द ही पहल करनी चाहिए और इस साल में केन्द्र सरकार को भी इसे पूरा सहयोग देना चाहिए। मुंबईया फिल्मों की गंदगी को साफ करने का यही एक रास्ता है कि मुंबई में बॉलीवुड का पुलिंदा बांध दिया जाए।

हिन्दी दिवस पर विशेष

किसानों के फायदे का कानून

किसानों से संबंधित तीन कानूनों के बनने से एक केंद्रीय मंत्री हरसिमरत बादल इतनी नाराज हुई कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया। वे अकाली दल की सदस्य हैं और पंजाब से सांसद हैं। पंजाब किसानों का गढ़ है। देश में सबसे ज्यादा फसल वहीं उगती है। कुछ पंजाबी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

किसान संगठनों ने इन तीनों कानूनों को किसान-विरोधी बताया है और वे इनके विरुद्ध आंदोलन चला रहे हैं। कुछ दूसरे प्रदेशों में भी विरोधी दलों ने किसानों को उकसाना शुरु कर दिया है। वास्तव में ये तीनों कानून इसलिए बनाए गए हैं कि किसानों का ज्यादा से ज्यादा फायदा हो। पहले देश के किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए जरुरी था कि वे अपनी स्थानीय मंडियों में जाएं और आढ़तियों (दलालों) की मदद से अपना माल बेचें। अब उन पर से यह बंधन हट जाएगा। वे अपना माल सीधे बाजार में ले जाकर बेच सकते हैं। याने पूरा देश उनके लिए खुल गया है। अब वे स्थानीय मंडियों और आढ़तियों पर निर्भर नहीं रहेंगे। उन्हें न तो अब मंडी-टैक्स देना पड़ेगा और न ही आड़तियों को दलाली ! अब उन्हें अपनी फसल की कीमतें ज्यादा मिलेंगी लेकिन फिर भी कुछ किसान इस नए प्रावधान का विरोध क्यों कर रहे हैं ? उन्हें डर है और यह डर बिल्कुल सही है। वह यह कि उनकी फसल अब औने-पौने दामों पर बिका करेंगी, क्योंकि बाजार तो बाजार है। वहां दाम अगर उठते हैं तो गिरते भी हैं लेकिन मंडियों में 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' तो मिलना ही है। किसानों के इस डर को भी कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कल संसद में बिल्कुल दूर कर दिया है। उन्होंने साफ-साफ कहा है कि किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम मूल्य हर हालत में मिलेगा। पंजाब में 12 लाख किसान परिवार हैं और 28000 पंजीकृत आढ़तिए हैं। इसी प्रकार हरयाणा में भी वे बड़ी संख्या में है। हरयाणा सरकार ने तो आढ़तियों पर 26 करोड़ रु. का टैक्स माफ कर दिया है। यह कानून मोटे तौर पर किसानों के लिए काफी फायदेमंद सिद्ध हो सकता है। बस, खतरा इसी बात का है कि उनकी फसलों पर देश के बड़े पूंजीपति अग्रिम कब्जा करके बाजार में बहुत मंहगा न बेचने लगें। यह भी असंभव नहीं कि वे किसानों को लालच में फंसाने के लिए अग्रिम पैसा दे दें और फिर उनकी फसलों पर सस्ते में कब्जा कर लें। जरुरी यह है कि इस कानून को लागू करते समय सरकार आगा-पीछा विचार कर ले।

गाँधी के स्वप्न की राष्ट्रभाषा या संविधान की राजभाषा-हिंदी

प्रो. उमेश कुमार सिंह

> ध्यान रखना होगा संविधान में हमने भारत को 'इंडिया' कहा तो आज तक नहीं बदल सके। किन्तु देश की लोकसभा और राज्यसभा को स्वीकार कर लिया तो वह हमारे मुख में रच बस गया, कुछ अंग्रेजी दा को छोड़कर। ऐसे अनेक जहग दिखता है कि जिन संस्थाओं के नाम हमने राजभाषा में स्वीकार कर लिया वह सहज स्वीकार हो गया। हमारे मानवतावादी बौद्धिक को यह समझना होगा कि वास्तविकता यह है जो अपनी राजभाषा को दर्जा नहीं दे सका, वह मनुष्य को मनुष्य का दर्जा क्या देगा ? ध्यान रखना होगा कि संस्कार मातृभाषा ही सिखा सकती है, धाय भाषा नहीं। तात्पर्य यह कि 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' में फिर से एक अवसर आया है, 'राजभाषा' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने की। मेकाले को दोष देने वाले स्वतंत्र राष्ट्र के बौद्धिकों या तो मेकाले का नाम बन्द कर दीजिये अथवा 'NEP' हैसे अंग्रेजी के संक्षिप्त शब्द को मानद संस्थायों, निकायों और परिषदों से हटाइये।

मेरे बौद्धिको! आप के स्वप्न में 'हिंदी दिवस' और मेरे जाग्रत में 'राजभाषा दिवस' एक साल के लिए बीत गया और हमारा कर्मकांड भी इस सप्ताह समाप्त हो जायेगा। इस दिवस के कुछ दिनों पहले और आज सप्ताह तक जो भी सुनने, पढ़ने को मिला वह सुखद भी था और कष्टकर भी। सुखद इसलिए की भाषा के प्रति हमारा प्रेम स्थाई रूप से हमारे अंदर बसता जा रहा है। कष्टकर यह कि देश की संवैधानिक राजभाषा (हिंदी) अपना स्थान इस वर्ष भी अपने पहले पायदान पर नहीं पहुँच सकी। फिर भी यह अवसर इसलिए अन्य वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण है कि राष्ट्र को स्वतंत्र भारत की सबसे सुलझी और भविष्य की दृष्टि को समाहित किये हुए 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' आई। जिसको सभी लोगों ने किन्तु-परन्तु के साथ स्वीकार भी किया। इसी शिक्षा नीति ने 'भाषा' की महत्ता को प्रतिस्थापित किया तो उसी ने प्रश्न भी निर्माण किये। और सबसे बड़ी बात भूलङ्कसुधार को अवसर प्रदान किया। इसलिए यह वर्ष राजभाषा की लिए या हिंदी दिवस के लिए थोडा ज्यादा महत्वपूर्ण था। कारण जब कोई राष्ट्र अपने गौरव में वृद्धि करता है तो वैश्विक दृष्टि से उसकी प्रत्येक विरासत महत्त्वपूर्ण हो जाती है। जैसे धर्म, संस्कृति, परम्पराएँ, नागरिक दृष्टिकोण, पुरातत्व, चित्रकला और 'भाषा' आदि। इनमें 'भाषा' ही एक ऐसा माध्यम है जो उक्त सभी विरासतों के भावी संभावनाओं के अभिव्यक्त में महत्त्वपूर्ण कारक बनकर उभरती है। भारतीय दृष्टि को समझने के लिए स्वाभाविक रूप से आवश्यक दिखता है की 'राजभाषा' न केवल देश की सशक्त भाषा बने बल्कि वैश्विक आकर्षण का केन्द्र भी बने। क्योंकि आज भारत की 'राजभाषा' होने के बाद भी राजकाज के काम में जिस तरह से पिछले सत्तर ङ्कबहत्तर वर्षों से 'अंग्रेजी' का दबाव है, वह हमारे भविष्य और युवाओं के लिए चिंता का विषय है।

सर्वेक्षण के अनुसार भारत की राजभाषा (हिंदी) भले ही विश्व की दूसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बनने की ओर संकेत दे रही है, किन्तु उसे अपने ही देश के अंदर वह स्थान नहीं मिल पा रहा है जो मिलाना चाहिए। जबकि जो अंग्रेजी भारत में संविधान का दर्जा प्राप्त कर राजभाषा के पहले पायदान पर बैठीं है, वह वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में वह केवल 2 लाख, 60 हजार लोगों की मातृभाषा है, इसके बावजूद सम्पूर्ण देश अंग्रेजी के व्योमोह में डूबा जा रहा है। आज हम राजभाषा (अंग्रेजी या हिंदी) और राष्ट्रभाषा के दुराहे पर खड़े हैं। एक बड़ा हिस्सा धीरेङ्कधीरे ही सही अंग्रेजी का हिमायती

होता जा रहा है। उसको अपनी संतानों का भविष्य 'राजभाषा' में नहीं दिख रहा है। इस मानसिकता से आज लड़ने की आवश्यकता है। अतः आवश्यक हैं कि पहले हम अपनी 'राजभाषा' को पूरे देश में स्वीकृति दिला सके तभी भारत की 'राजभाषा' विश्वभाषा बनने की ताकत प्राप्त कर सकेगी भले ही वह वैश्विक भाषा बनने की सम्पूर्ण योग्यता को पूरा कराती है। और तभी देश का आज का हमारा समाज और भावी पीढ़ी अंग्रेजी के आतंक से मुक्त हो सकेगी ।

अंग्रेजी के इस व्यामोह और आतंक के दो कारण साफ नजर आ रहें है, एक- भाषा के प्रति स्वाभिमान की कमी और दूसरा राजभाषा और राष्ट्रभाषा का द्वंद्व । तो मेरे बौद्धिको! हमें समझना होगा कि आज हम 2020-21 में हैं, देश भी सक्षम भारत बन रहा है तो फिर आज भी राष्ट्रभाषा, राजभाषा के विवाद में क्यों ? दूसरा जब अनुसूची- आठ कह रही है कि देश में 22 राष्ट्रीय भाषाएँ है, तो हमें संविधान की बात स्वीकार क्यों नहीं ? जब कि व्यवहार में भी दिखाई देता है कि अपने-अपने प्रान्तों के काम अपनीङ्कअपनी मातृभाषा में ही होता है। जीवन व्यवहार भी उसी से चलता है। तो समस्या क्या है ? समस्या यह है की एक तो 'राष्ट्रभाषा' को लेकर हमारा दृष्टिकोण साफ नहीं है। दूसरा 'राजभाषा' सम्पूर्ण देश में राजकीय कार्य की भाषा बने यह आग्रह बहुत लिजलीजा और कमजोर है। जरा इसे भी समझें - 1953 से 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाते आ रहे हैं। इसका प्रभाव यह हो रहा है कि अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में इसके प्रति उदासीनता बढ़ रही है। यह सत्य है की गांधी जी ने हिंदी को 'राष्ट्रभाषा' बनाने की वकालत की थी। और देश में कई प्रान्तों में 'राष्ट्रभाषा प्रचार समितियां' बनी। गांधी जी के जीवित रहने से आज तक वे सभी 'राष्ट्रभाषा प्रचार समितियां' 'हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की कर्मकांडी कोशिश कर भी रही हैं। आखिर क्यों ? यह गाँधी के प्रति आसक्ति है या संविधान की व्यवस्था को तत्काल स्वीकार न कर पाने की मानसिकता या थोथी हठधर्मिता ? जब की गाँधी जी ने भाषा को लेकर कई दफे अपना मत हिंदुस्तानी से लेकर हिंदी तक समय और जनमत के आधार पर बदलते रहे हैं। प्रश्न यह भी है कि गाँधी जी के जाने के बाद जब सविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को 'राजभाषा' स्वीकार किया तब हिंदी को 'राजभाषा' का समुचित दर्जा दिलाने के प्रयत्न की जगह हम हिंदी को यह कह कर की हिंदी को राष्ट्र ने 'राष्ट्रभाषा' स्वीकार किया है, उसे संवैधानिक दर्जा दिलाने के प्रयत्न में लगे रहे? और 72 साल बिता दिए। यह कहाँ तक ठीक है? आज भी सत्य को स्वीकार करने को तैयार नहीं। दरअसल भूल कहाँ हुई, जब 14 सितम्बर, 49 को संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद ने घोषणा की कि हिंदी देश की 'राजभाषा' होगी तब हम ऐसे जश्न में डूबे की हमें पता ही नहीं चला की 'राष्ट्रभाषा' और 'राजभाषा' में अन्तर क्या है ? और जब तक पता चला तो राष्ट्रभाषा तो छोडिये 'राजभाषा' हिंदी का स्थान भी अग्रणी पंक्ति पर अंग्रेजी ले चुकी थी।

हमारी इस नासमझी का परिणाम यह हुआ की 1953 से हम जैसे-जैसे 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' का वार्षिक कर्मकाण्ड करते रहे, देश के अन्य भाषा-भाषी इससे दूर होते गए और अहिन्दी भाषी प्रान्तों में एक ऐसा वातावरण बन रहा है मानो हिन्दी अन्य राष्ट्रीय भाषाओं की दुश्मन हो। 14 सितम्बर,2020 में जब हम हिंदी दिवस मना रहे थे तो उस दिन भी तमिल, कन्नड़, मलयालम भाषी कुछ लोग विरोधी वक्तव्य दे रहे थे। यह ठीक है की आप उसे राजनीतिक कह कर ख़ारिज कर देंगे, पर यथार्थ से मुख नहीं मोड़ सकते। होना यह चाहिए था कि 14 सितंबर जो 'राजभाषा दिवस' है उसे 'राजभाषा दिवस' के रूप में ही मनाते, हिंदी दिवस के रूप में नहीं, तभी इन विरोधी वक्तव्यों को रोका जा सकता है क्योंकि तब हम कह सकते हैं कि हम 'राजभाषा दिवस' मना रहे हैं और धीरे-धीरे 'राजभाषा' सम्पूर्ण देश में स्थापित हो सकेगी ।

दूसरी महत्वपूर्ण बात हमारे व्यवहार की है। अभी-अभी 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' आई हमने बिना विचारे उसके अंग्रेजी संक्षिप्त 'हश्वक्क' को हमारे सामने रख दिया और हमने बिना विचार के कि इसके आगे क्या परिणाम होंगे, उसे लिखना और बोलना प्रराम्भ कर दिया। जब कि होना यह चाहिए था कि यह संज्ञा है, अतः इसे भारत की सभी भाषाओं में यथावत 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' और उसका संक्षिप्ति कारन 'रा.शि.नीति' ही रहना चाहिए। 'हश्वक्क' नहीं। इसी तरह नीति के अन्तर्गत निकाय, आयोग आदि हैं, उनके नाम केवल राजभाषा में होने चाहिय। *(संवाद मंथन फीचर सेवा द्वारा प्रसारित लेखों का इस्तेमाल करने के लिए आप स्वतंत्र हैं)*

66 लाख सफेदपोश पेशेवर हुए बेरोजगार

सात्यकी चक्रवर्ती

> एक समान साल-दर-साल की तुलना से, उन्होंने पांच मिलियन कर्मचारियों को खो दिया। यह एक साल में औद्योगिक श्रमिकों के बीच रोजगार में 26 फीसदी की गिरावट है। हालांकि, औद्योगिक श्रमिकों के रोजगार में गिरावट मोटे तौर पर छोटी औद्योगिक इकाइयों में होने की संभावना है। 'यह हाल के दिनों में मध्यम, छोटी और सूक्ष्म औद्योगिक इकाइयों में संकट को दर्शाता है,' सीएमआईई विश्लेषण का यह कहना है। लॉकडाउन ने हालांकि, सफेदपोश लिपिक कर्मचारियों को प्रभावित नहीं किया, जिसमें मुख्य रूप से डेस्क-वर्क के कर्मचारी जिनमें सचिव और ऑफिस क्लर्क से लेकर बीपीओ व केपीओ कार्यकर्ता, डेटा-एंट्री ऑपरेटर और प्रकार शामिल हैं।

इंजीनियर, चिकित्सक, शिक्षक सहित अनुमानित 6.6 मिलियन सफेद कॉलर पेशेवर नौकरियां मई और अगस्त के बीच में समाप्त हो गईं। 2016 के बाद से रोजगार अपने न्यूनतम स्तर पर है। पिछले चार वर्षों में रोजगार के मोर्चे पर जो उपलब्धियां थीं, वे भी अब समाप्त हो चुकी हैं। सेंटर फॉर मानिटिरिंग आफ इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट के अनुसार इसी अवधि में 50 लाख औद्योगिक मजदूर जॉब से बाहर हो गए। यानी कुल मिलाकर एक करोड़ 16 लाख लोग इस अवधि में बेरोजगार हो चुके हैं।

यह पिछले 4 महीनों में ही हुआ

इसका मतलब है कि लॉकडाउन की घोषणा के बाद लगभग छह महीने और चरणबद्ध तरीके से उठाने के बाद, रोजगार के दृष्टिकोण अनिश्चित बने हुए हैं क्योंकि नौकरी की हानि जारी है। मई और जून में श्रमिकों के वापस आने और फिर से जुड़ने वाले कई कर्मचारियों को लेकर जो उम्मीदें जगी थीं, उन्हें झटका लगा है क्योंकि अगस्त में भी नौकरी गंवाने वाले सफेदपोश श्रमिकों की रिपोर्ट आई है। कई क्षेत्रों में मांग की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है और इस समय भी पेशेवर पीड़ित ही हैं। सीएमआईई साप्ताहिक विश्लेषण के अनुसार, हर चार महीने में जारी सीएमआईई के उपभोक्ता पिरामिड घरेलू सर्वेक्षण की 20 वीं लहर के आंकड़ों के आधार पर, वेतनभोगी कर्मचारियों के बीच नौकरियों का सबसे बड़ा नुकसान सफेदपोश पेशेवर कर्मचारियों और अन्य कर्मचारियों का था। इनमें सॉफ्टवेयर इंजीनियर, चिकित्सक, शिक्षक, एकाउंटेंट, विश्लेषक और उसी तरह के पेशेवर लोग शामिल हैं, जो पेशेवर रूप से योग्य हैं और कुछ निजी या सरकारी संगठन में कार्यरत हैं। हालांकि, इसमें योग्य स्व-नियोजित पेशेवर उद्यमी शामिल नहीं हैं। यदि उनकी संख्या भी जोड़ दी जाय, तो कुल संख्या कई करोड़ हो जाएगी। सीएमआईई ने कहा, 'मई-अगस्त 2019 के दौरान देश में कार्यरत 18.8 मिलियन व्हाइट कॉलर श्रमिकों की संख्या से, उनका रोजगार घटकर 12.2 मिलियन रह गया। 2016 के बाद से इन पेशेवरों का यह सबसे कम रोजगार है'। सीएमआईई ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में उनके रोजगार में किए गए सभी योगदान के लाभ लॉकडाउन के दौरान समाप्त हो गए थे। सीएमआईई के अनुसार, सबसे बड़ा नुकसान औद्योगिक श्रमिकों के बीच था। एक समान साल-दर-साल की तुलना से, उन्होंने पांच मिलियन कर्मचारियों को खो दिया। यह एक साल में औद्योगिक श्रमिकों के बीच रोजगार में 26 फीसदी की गिरावट है। हालांकि, औद्योगिक श्रमिकों के रोजगार में गिरावट मोटे तौर पर छोटी औद्योगिक इकाइयों में होने की संभावना है। 'यह हाल के दिनों में मध्यम, छोटी और सूक्ष्म औद्योगिक इकाइयों में संकट को दर्शाता है,' सीएमआईई विश्लेषण का यह कहना है। लॉकडाउन ने हालांकि, सफेदपोश लिपिक कर्मचारियों को प्रभावित नहीं किया, जिसमें मुख्य रूप से डेस्क-वर्क के कर्मचारी जिनमें सचिव और ऑफिस क्लर्क से लेकर बीपीओ व केपीओ कार्यकर्ता, डेटा-एंट्री ऑपरेटर और प्रकार शामिल हैं।

'संभवतः, उनका काम कार्य-घर मोड से स्थानांतरित हो गया है। सीएमआईई 2016 के बाद से श्रमिकों की इस श्रेणी में कोई वृद्धि नहीं देख रहा है। वास्तव में, यह 2018 से लगभग 15 मिलियन से 2020 तक 12 मिलियन से 12 मिलियन तक कम हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि यह लॉकडाउन के दौरान आगे नहीं बढ़ा। सीएमआईई ने पहले अनुमान लगाया था कि अप्रैल में 121 मिलियन नौकरियां खो गई थीं, लेकिन अधिकांश ने अगस्त तक इसे पुनर्प्राप्त कर लिया था, लेकिन वेतनभोगी नौकरियों की स्थितियां बिगड़ती जा रही हैं। **(संवाद)**

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नील गगन में उड़ते पंछी नदियाँ

नील गगन में उड़ते पंछी नदियाँ बहती धरा पर कलकल, कहते संघर्षो से मुँह मत फेर रहोगे जीवन में सफल। लक्ष्य सदा ऊँचा रहे पर ये याद रहे आधार जमीं है, जीवन सिर्फ तुम्हारा नहीं, औरों के लिए भी जियों कुछ पल। **वर्षा ठाकुर**

बिखरी मेरी जिन्दगी इकख्वाब हूँ

बिखरी मेरी जिन्दगी इकख्वाब हूँ

टूटा हुआ। जग से भी बेजार हूँ मैं खुद से हूँ रूठा हुआ। छोड़ दो मुझको प्रिय कुछ देर तो तन्हाई में। भर गया था जल से जो कुम्भ हूँ फूटा हुआ। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो।

कमल कांत डोंगरे

खास पाती | आज फिर ये आँखे टिकी है दरवाजे

आज फिर ये आँखे टिकी है दरवाजे पर और क्यूँ न हो तुम्हारी आदतों मैं शुमार हैं इन्हें इंतजार देना और जानते हो अब ये थकती भी नही शायद इन्हें भी आदत हो गई हैं तुम्हारे इंतजार की जानते हो रात भर ढूँढती रहती हैं चाँद मैं तुम्हारा प्रतिबिम्ब वो भी तो चाँदनी के पहलू मैं पूनम तक साथ रहते हुए अमावस आते आते दूर चला जाता हैं और चाँदनी को एक आशा दे जाता हैं पुनः मिलन की वैसे ही ये आँखे भी टकटकी लगाए देख रही हैं तुम्हारा रास्ता क्यूँकि उम्मीद तो टूटी ही नही न इंतजार ज़रूरी हैं । **पूजा बंसल**

इश्क़ का इम्तहान बाकी है अभी

इश्क़ का इम्तहान बाकी है अभी तो जिस्म में जान बाकी है लगा दी जिन्दगी की बाजी मैंने, साँसे फिर भी तमाम बाकी है। सींचती हूँ आँसुओं से निर्दय को, सुना पत्थर पे निशान बाकी है खेला तितली समझ के रिश्तों को उसके सपनों की उड़ान बाकी है। बुत को मैंने खुदा बना डाला, किरण उसमें तो इंसान बाकी है। **किरण मिश्रा**

तुम उस कथा के नायक कभी न बनना

तुम उस कथा के नायक कभी न बनना जिसमें प्रेम पूर्ण हो जाता है तुम बने रहना, उस कथा के नायक जहाँ प्रेम कभी पूर्ण नहीं होता देखोगे तुम तब, मैं चिरकाल तुम्हारी ही नायिका हूँ प्रेम में समय जितना प्रताड़ित करेगा प्रेम उतना ही गहरा होगा वहाँ, जहाँ प्रेम कभी पूर्ण नहीं होता इस तरह हम बने रहेंग अपने अधूरे प्रेम के नायक औरा नायिका पूर्ण प्रेम में वियोग के ग्रंथ में, संजोग से मिलन की लीपियों में सम्भावनाओं के दृश्य में, अभिसार की कल्पनाओं में। **अनामिका चक्रवर्ती**

ये रंगमंच ही मेरी ज़िन्दगी का

ये रंगमंच ही मेरी ज़िन्दगी का किरदार है जिस पर मेरे अपनों को मुझ पर नाज़ है। गिरा ना पायेगा रक़ीब मेरे वजूद और शख़्सियत को मेरा ये किरदार चाहने वालों से बना है नफ़रत करने वालों से नहीं। **संगीता राठी**

शर्मीले और संकोची लोग

शर्मीले और संकोची लोग धीरे-धीरे शेष आबादी से कट जाते हैं। इनकी आवाज़ भी मद्धिम होती है,जो चीख की आदी दुनिया सुन भी नहीं पाती है पर इनकी एक आंतरिक दुनिया होती है किसी को अगर इसमें झाँकने का धैर्य और अवसर हो तो एक तिलिस्मी दुनिया से साबक़ा हो सकता है। **शेष अमित**

मैने बहुत से इन्सान देखे हैं, जिनके

मैने बहुत से इन्सान देखे हैं, जिनके बदन पर लिबास नही होता, और बहुत से लिबास देखे हैं, जिनके अंदर ईन्सान नही होता। कोई हालात नहीं समझता, कोई जज़्बात नहीं समझता, ये तो बस अपनी अपनी समझ की बात हैज़, कोई कोरा कागज़ भी पढ़ लेता है तो कोई पूरी किताब नहीं समझता! **पीएल श्रीवास्तव**

पांव छोलागे रद्दा रेंगत फेर

पांव छोलागे रद्दा रेंगत फेर डेहरी के छांव नहीं बसगे सरी दुनिया कहिथें फेर हमर गांव नहीं पुरवइया तो आथे-जाथे फेर वोकरो आस नहीं बिच्छल हे माया-ठगनी इंकर तो बिसवास नहीं बस पिरोहिल के डेरा म एको जगा मिल जातीस। तब मुक्ति के कोरा म जीव हमरो खिल जातीस। **सुशील भोले**

QUIZ TIME

1) मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए किस शहर 'वोटर पार्क' का उद्घाटन किया गया?

2) भारत की सबसे ऊँची इमारत 'द 42' किस राज्य में निर्मित की गई है?

3) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड पर 'खूनी बैसाखी' शीर्षक कविता के अंग्रेजी अनुवाद का क्या नाम है, जो आबू धाबी अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले के 29वें संस्करण में लॉन्च की गई है?

4) चित्राचार्य उपेन्द्र महारथी की पुस्तक 'वेणुशील;शिल्प' का संबंध निम्नलिखित में से किस कला में है?
(क) आभूषण (ख) चित्रकारी
(ग) बाँस कला (घ) संगमरमर की नक्काशी

5) मंदिर का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गुरुग्राम (2) पश्चिम बंगाल (3) [illegible] (4) बाँस कला (5) [illegible]

आज का इतिहास

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 21 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं: 1784- अमेरिका का पहला दैनिक अखबार (पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) प्रकाशित हुआ। 1815- किंग विलियम प्रथम ने ब्रूसेल्स में शपथ ली। 1885- नीदरलैंड के लोगों ने मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया। 1857- बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 1905- अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का गठन हुआ। 1928-'माय विकली रीडर' मैगजीन की शुरुआत हुई। 1934 ङ्क एक बड़े तूफन से पश्चिमी होन्शू, जापान में 3000 से अधिक लोग मारे गए थे। 1937 ङ्क जे आर आर टॉकियन का द हॉबिट प्रकाशित किया गया था।

■ न्यूज गैलरी

विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयास से बेरला-पतोरा पहुँच मार्ग के लिए राशि स्वीकृत

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की सक्रियता व मेहनत का नतीजा है कि लोकनिर्माण विभाग ने विधायक की मांग पर महत्वपूर्ण सड़क बेरला से पतोरा पहुँच मार्ग निर्माण के लिए 48 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है, जो कि क्षेत्र की जनता द्वारा वर्षो से सड़कों की मांग की जा रही थी, जिस पर बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने इस सड़क की स्वीकृति प्रदान किये जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री तथा इस क्षेत्र के पूर्व विधायक ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा बेमेतरा क्षेत्र की मांगों पर बराबर ध्यान दिया जा रहा है। क्षेत्र की जनता से जो भी मांग आ रही है, उसे निरन्तर राज्य शासन के समक्ष रख रहा हूँ और जिस पर स्वीकृति प्राप्त होती जा रही है। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति विशेष आभार एव धन्यवाद ज्ञापित किया है।

लॉकडाऊन में शराब दुकान खोलना शर्मनाक - योगेश तिवारी

बेमेतरा/साजा । कृषक नेता योगेश तिवारी नें एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि आज पूरा विश्व वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के चपेट में है ऐसे समय में प्रदेश में भी बड़ी विकट स्थिति बनी हुई है। दिन प्रतिदिन कोरोना वायरस पीड़ितों की संख्या में लगातार वृद्धी होना चिंता का विषय है। बेमेतरा शासन एवं प्रशासन के लोग इस विषय में गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। आज भी बेमेतरा ज़िला में नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में लॉंकडाऊंन किया गया है और सभी नगर पंचायत और नगर पालिका क्षेत्र में शराब की दुकानें खुली है, वो बहुत ही शर्मनाक है। सभी क्षेत्र के गांव गांव में शराब की बिक्री खुलेआम किया जा रहा है, यह एक प्रकार से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। एक ओर कोरोना वायरस से प्रभावितों की संख्या बढ़ती जा रही है दूसरी ओर सरकार के द्वारा खुलेआम शराब की बिक्री कर लोगों की स्वास्थ्य खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। श्रीतिवारी नें कहा कि स्थिति समय रहते संभाल लेनी चाहिए नहीं तो बाद में शासन एवं प्रशासन दोनों को पछताना पड़ सकता है। शीघ्र ही शराब की बिक्री पूरे प्रदेश में कड़ाई से बंद किया जाना चाहिए।

भाजपा सेवा सप्ताह के रूप मे मना रही मोदी का जन्मदिन, कर रही विविध आयोजन

बेमेतरा/साजा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 70 वां जन्मदिन के इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा इसके लिए खास तैयारियां की थी। बीजेपी ने इस मौके को सेवा सप्ताह के रूप मे मना रही हैं, रोज भाजपा के कार्यकर्ता प्रत्येक वार्डो में सेवा के अलग अलग कार्य कर रहे हैं। मोदी के जन्मदिन पर सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों की रक्षा का भी संकल्प लिया गया। कार्यकर्त्ताओ ने गरीब बस्ती, वृध्दजनों, दिव्यांगों को फल का भी वितरण किया।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से प्रेरणा लेकर बीजेपी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा के कार्य में तत्परता से लगा हैं। कोरोना संकट को देखते हुए सामूहिक कार्यक्रम न करते हुए प्रत्येक वार्ड मे सभी कार्यकर्ता अपने स्तर पर सेवा संकल्प सप्ताह पूरा कर रहे हैं।भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ. रघुनंदन तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन कड़ी मेहनत, सेवा, और संघर्ष का प्रतिबिंब हैं। हमें उनसे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती हैं, यह साप्ताहिक ही नही राजनीतिक जीवन में सतत सेवा करने वाला संकल्प होना चाहिए। पूर्व नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि कोरोना संकट व शहर में फैलते संक्रमण को देखते हुए अलग अलग स्थानों पर कार्यक्रम किया गया। पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि मोदी का जीवन गजब का व्यक्तित्व हैं, आश्चर्य होता हैं इस उम्र में उनके परिश्रम को देखकर। साथ ही मुझे लगता हैं स्वामी विवेकानन्द के बाद मोदी ही ऐसे व्यक्ति हैं जिनसे सर्वाधिक युवा प्रेरित हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ रघुनंदन तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, प्रभारी सतीश कसार, पूर्व महामंत्री विकास तम्बोली, दीपेश साहू, कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे, पार्षद नीतू कोठारी, देवराम साहू, सोमनाथ ध्रुव, अनिल छाबड़ा, अमरीका निर्मलकर, शेखर वर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

परपोड़ी मंडल के भटगांव व रुसे में वृक्षारोपण कर मनाया गया सेवा सप्ताह

बेमेतरा/साजा । साजा विधान सभा के परपोड़ी मंडल के ग्राम भटगांव व रुसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष प्रतिनिधि जिला पंचायत बेमेतरा हीरालाल साहू, उपाध्यक्ष अजय तिवारी, सभापति अंजू बघेल, गोवेन्द्र गुड्डु पटेल के द्वारा ग्रामीणों को निःशुल्क सेनेटाइजर, मास्क, वृद्धजनों को चश्मा, जरूरतमंदो को छड़ी, बैसाखी और फल वितरण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में पूरे उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नीलू साहू सरपंच भटगांव, बल्लू साहू मंडल अध्यक्ष साजा, सतीश जैन, महेश्वर मणिकपुरी, संतु देवांगन, माधव गोटिया, गौतम साहू, देसू साहू, संतोष वर्मा, चंदेल गुरुजी, बबलू दाऊ भटगांव, जनक साहू, जनक जंघेल बोरतरा, जिधन जंघे, आयुष शर्मा भाजयुमो मंडल साजा, पवन वर्मा उपसरपंच ग्राम पंचायत रुसे, गौतम वर्मा, मेघराज भुवाल, गोपी साहू, विनोद पटेल, कामता वर्मा, दल्लू वर्मा, सोहन पटेल, नाविक साहु, सोमनाथ पटेल, कुलेश्वर वर्मा, वेद स्वामी, खिलावन वर्मा, चंदू शर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

ले रहे एक-एक गोली का हिसाब

■ रंग ला रही मेडिकल दुकानों पर कड़ाई

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। बिना पर्ची सर्दी-खांसी और बुखार की दवाओं की बिक्री पर कड़ाई रंग लाने लगी है। दवा दुकानों में अब ऐसी दवाएं यदि बेची भी जा रही है तो इसका हिसाब तो लिया ही जा रहा है साथ ही ऐसे मरीजों का नाम, पता और मोबाईल नंबर तक भी लिखा जा रहा है। संबंधित चिकित्सक का रिकार्ड भी रखा जा रहा है।

कोरोना टेस्ट कराने में जागरूकता का अभाव को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जिले की दवा दुकानों को ऐसी दवाओं की बिक्री के पहले चिकित्सक की सलाह पर्ची की अनिवार्यता के बाद न केवल दवा दुकाने, चिकित्सक बल्कि ऐसे लक्षण वाले मरीज सांसत में आ चुके है जो बिना पर्ची के ऐसी बीमारियों की दवाएं मेडिकल दुकानों से खरीदते आ रहे है। इधर दवा दुकानों से भी बीमारी के आधार पर दवा देने पर रोक लग चुकी है याने अब हर हाल में ऐसे मरीजों को अस्पताल जाना ही पड़ेगा।

ये बीमारी-ये दवाएं

कोरोना संक्रमण के फैलाव को देखते हुए सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियों के लिए इस वायरस को प्रमुख वाहक माना जा चुका है। आग्रह, आगाह और चेतावनी के बाद भी जब स्थिति नही सुधरी तब दवा दुकानों को आदेश जारी हुए कि ऐसे लक्षण वाले मरीजों को पैरासिटामॉल, सिट्राजिन, क्लोरोक्वीन व अन्य एण्टीबायोटिक दवाएं बिना सलाह पर्ची के न बेची जाए। साथ ही सलाह पर्ची के साथ पहुंच रहे ऐसे मरीजों को कोरोना टेस्ट के लिए भी सलाह दी जाने लगी है।

पाई-पाई का हिसाब

कड़े आदेश के बाद दहशत में आई दवा दुकानें एक-एक टेबलेट, सीरप और एण्टीबायोटिक दवाओं की बिक्री का हिसाब रखना चालू कर चुकी हैं क्योंकि प्रतिदिन के आंकड़े जिला प्रशासन मांग रहा है।

ओवर रेट पर कड़ी नजर

जिला औषधि निरीक्षक ने मेडिकल दुकान संचालकों को आगाह किया है कि किसी भी हाल में जरूरत के समय बेची जा रही ऐसी दवाओं की कीमत सही लें। ओवर रेट पर बिक्री न करें। ऐसी किसी भी शिकायत पर न केवल तत्काल कार्यवाही की जाएगी बल्कि नियमों तहत मामला दर्ज किया जाएगा। मरीजों को भी सलाह दी जा रही है कि ऐसी किसी भी समस्या आने पर तत्काल शिकायत करें।

यह काम जिला औषधि निरीक्षक के माध्यम से किया जा रहा है। हर रोज, हर मेडिकल स्टोर से बेची जा रही दवाएं, मरीजों और डॉक्टरों का नाम, पता और मोबाईल नंबर के साथ जिला प्रशासन के साथ-साथ राज्य औषधि नियंत्रक तक भी भेजी जा रही है।

> पैरासिटामॉल, सिट्राजिन, क्लोरोक्वीन व अन्य दवाएं बिना सलाह पर्ची के नहीं बेची जा सकेंगी। आदेश का पालन सभी मेडिकल दुकानों ने करना चालू कर दिया है। प्रतिदिन की बिक्री सहित सभी जानकारियां मुख्यालय तक भेजी जा रही है।
>
> **किशोर ठाकुर, औषधि निरीक्षक, बलौदाबाजार**

इसमें चालू ब्लैक मार्केटिंग

लॉकडाउन की घोषणा के साथ ही पान मसाला, गुड़ाखू, सिगरेट, बिड़ी और तम्बाकू में ब्लैक मार्केटिंग और मुनाफाखोरी चालू हो चुकी है। कीमतें जरूरत के हिसाब से ली जाने लगी है तो थोक बाजार इन चीजों का स्टॉक करने लग गया है। एक बार फिर से इसका कनेक्सन पड़ोसी शहर तिल्दा से जुड़ चुका है। जहां से शहर ही नहीं पूरे जिले को सप्लाई हो रही है।

श्रीरामहर्षण कुंज में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन

बेमेतरा/साजा। श्री पुरूषोत्तम मास के अवसर पर श्रीरामहर्षण कुंज साजा में एक माह तक अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ 18 सितंबर से किया गया। श्री जानकी जीवन लाल जू, भक्तराज श्री हनुमान जी, सद्गुरूदेव श्री रामहर्षणदासजी एवं कीर्तन महारानी का पूजन कर पाठ का शुभारंभ किया गया। श्री गणेश पूजन तथा नवग्रह आवाहन भी किया गया। महंत श्री वैष्णवदासजी ने बताया कि पुरूषोत्तम मास भगवान श्री विष्णु की आराधना के लिये सर्वोत्तम मास माना गया है। इस मास में किये गये पूजा आराधना, जप तप, व्रत उपवास, भगवद् भक्ति, दान आदि धार्मिक कार्यों का कई गुना तथा अमोघ फल प्राप्त होता है। श्रद्धालु भगवान को प्रसन्नकर इहलोक और परलोक सुधारने का यत्न करते हैं। पुरूषोत्तम भगवान विष्णु का ही नाम है जिसका सांकेतिक अर्थ है व्यक्ति विशेष के लिये तन, मन से पवित्र होने का समय।

सीएचसी कसडोल को मिली 108 की नई एम्बुलेंस की सौगात

लवन। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में आज कसडोल को 108 की नई एम्बुलेंस की सौगात मिली। गत दिवस ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सीएस पैकरा ने नई एम्बुलेंस का विधिविधान से पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाते हुए जनता की सेवा में समर्पित किया।

108 संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन करने वाली संस्था जेएईएस द्वारा नई एम्बुलेंस दिए जाने से क्षेत्र की जनता को आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर और त्वरित सेवा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर डॉ. ए.एस चौहान, बीपीएम मनोज मिश्रा, 108 की टीम, एनआरएचएम स्टाफ के साथ सीएचसी कसडोल की उपस्थिति रही।

दिलेश्वर सेन के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

भाटापारा। बलोदा बाजार ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष दुलेश्वर सेन के असामयिक निधन पर भाजपा भाटापारा द्वारा भा ज पा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई । वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद अग्रवाल ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुएकहा की सेन पार्टी के सक्रिय मिलनसार निष्ठावान तथा पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता थे उनके निधन से पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने कहा कि सेन पार्टी के काफी लोकप्रिय व्यक्ति थे और वे प्रत्येक कार्यकर्ता से सहज भाव से ही मिलते थे अपने कुशल व्यवहार के कारण ही वे अपने ग्राम भरसेला से सरपंच चुने गए थे उनके निधन से पार्टी को काफी धक्का लगा है मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह सोनीने कहा कि सेन जमीनी कार्यकर्ता थेपार्टी के महामंत्री रहते हुए उन्होंने काफी काम किया था उनकी सक्रियता के कारण ही उन्हें ग्रामीण मंडल का अध्यक्ष बनाया गया था और अध्यक्ष का दायित्व भी वे बखूबी निभा रहे थे आइए आज हम सब मिलकर ईश्वर से प्रार्थना करें कि वे उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें इसके अतिरिक्त विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल जिला मंत्री महाबल बघेल पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ मोहन बांधे उपाध्यक्ष सुनील यदू पार्षद पुरुषोत्तम।

महिला मोर्चा ने किया पौधारोपण

भाटापारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत विधा यक शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा के जिले के प्रभारी सुनील यदु एवं नगर प्रभारी आशीष पुरोहित द्वारा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ नगर के रावणभाठा मैदान सूरजपुरा रोड स्थित कॉलोनी गुरूनानक वार्ड पंचशील नगरतथा महिला मोर्चा द्वारा वृंदावन कॉलोनी में वृक्षारोपण किया गया इस दौरान आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए जिले के महामंत्री राकेश तिवारी ने कहा कि वृक्षारोपण में वनों का निर्माण है पेड़ धरती माता के बेटे हैं और हमारे मित्र भी हैं पेड़ न केवल हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं अपितु पर्यावरण को भी सुंदर बनाते हैं आज जब हम कोरोना जैसे महामारी में ऑक्सीजन के लिए चिंतित रहते हैं तो यही पेड़ पौधे हमें निशुल्क एवं निस्वार्थ ऑक्सीजन देते हैं तथा वातावरण में भी ताजगी भरते हैं तथा हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं ये हमारे दोस्त हैंआइए आज हम संकल्प लेने की हम अपने पेड़ रूपी दोस्तों की रक्षा करेंगे इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह सोनी युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरेश मिश्रा उमाशंकर वर्मा पितांबर वर्मा राजा शर्मा मालिकराम बांधे मुकेश सोनी हेमंत नायडू संजय चौहान निर्मल जांगड़ेबंटी ठाकुरतथा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आयशा खान नीरा साहू तारा देवी दिव्या देवी ज्योति देवी प्रभादेवी आदि उपस्थित थे।

हास्य व्यंग्य की कविताओं के धनि एलपी शर्मा का निधन

कवर्धा। कबीरधाम सीनियर सिटीजन समिति के वरिष्ठ सदस्य एल पी शर्मा का दिनांक 18 सितंबर शुक्रवार को करीब 12 बजे कोरोना से निधन हो गया। स्वर्गीय श्री शर्मा वन विभाग में लेखापाल पद के रहते हुए सेवा देते हुए थे। वे अपने मृदु व्यवहार एवं कार्यकुशलता से सभी कर्मचारियों अधिकारियों एवं समाज में अति लोकप्रिय थे। हास्य व्यंग्य की कविताओं सेभी एवं चुटकुलों में भी वे सभी लोगों का मनोरंजन किया करते थे। सीनियर सिटीजन समिति के प्रत्येक कार्य में उत्साह एवं रुचि से भाग लेते थे एवं सहयोग प्रदान करते थे। श्री शर्मा अपने पीछे 1 पुत्र एवं चार पुत्रियों का नाती पोतों से भरा हुआ परिवार छोड़ गए हैं। उनके सुपुत्र कबीरधाम जिले में ही पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर कार्यरत हैं। परिवार , समाज एवं सीनियर सिटीजन समिति को उनके निधन से गहरा आघात लगा है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें अपने चरणों में स्थान दे वे एवं परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

शिवसेना ने विरोधियों का फूंका पुतला , महामाया में कार्यालय का उद्घाटन भी किया

डौंडी। ब्लाक के ग्राम महामाया में डौंडी ब्लाक शिवसेना प्रमुख बहादुर सोनी के नेतृत्व में सुभाष चौक महामाया पर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोधियों का पुतला फूंका। इस दौरान कोई भी प्रशासन संबंधित स्थल में नजर नही आये। नारेबाजी करते हुए शिवसैनिकों ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बढ़ती लोकप्रियता से घबराए हुए विरोधियों ने मिलकर स्वांग रच रहे है, इन विरोधियों की मंशा को शिवसेना कभी सफल होने नही देगी और हर दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। विरोधी जन चाहे लाख पैतरा आजमा ले वे हर बार मुह की खाएंगे, शिवसेना कोई भी षड्यंत्र बर्दाश्त नही करेगी उन्होंने कहा कि पूरे भारत मे विरोधियो का पुतला जलाया जा रहा है। इससे पूर्व सुभाष चौक महामाया में शिवसेना कार्यालय का हर्षोल्लास उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर शिवसेना के वरिष्ठ बुजुर्ग सुखउराम निषाद, महामाया अध्यक्ष बलराम निषाद,पोन्टी बाल्मीक,कामसिंग गावड़े, मनीष साहू, नरेश कुमार कौशल, राजकुमार प्रजापति, उदयसिंह राजपूत, राकेश साहू, रघुनाथ गावड़े, सुमहेरी निर्मलकर,महेश कुमार विश्वकर्मा,अजय मरकाम,पवन निर्मलकर आदि शिवसैनिक उपस्थित थे।

पीएम के जन्मदिन पर भाजपा ने सियान सेवा सदन में वृध्दजनों को बांटे फल

गरियाबंद। गुरूवार को भाजपा जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में जिले के सभी मंडलो में मनाया गया है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने गरीब और जरूररतमंद लोगो को जरूरी सहायता पहुचाई। जिला मुख्यालय गरियाबंद में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए ग्राम भिलाई स्थित सियान सेवा सदन में वृध्दजनो को निशुल्क फल वितरण किया। इस अवसर पर सदन के प्रांगण में फलदार और छायादार पौधो का रोपण भी किया गया। भाजपा पदाधिकारियो ने जरूरत वृध्दजनो को वाकर और छड़ी का भी वितरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंदल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन, जिला मंत्री श्रीमति मिलेश्वरी साहू, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, केशव साहू, राधेश्याम सोनवानी, श्रीमती पूर्णिमा तिवारी, श्रीमती खिरमणी हरपाल, युवा कार्यकर्ता सेवक निषाद, मनीष यादव, दीपक तिवारी, नागेंद्र देवांगन उपस्थित थे।

कोरोना: अब डिक्लेरेशन फार्म का भरना हुआ अनिवार्य

■ गलत मोबाईल नंबर और गलत पता देने पर बड़ा फैसला

■ सर्विलांस टीम का नए सिरे से गठन

भाटापारा। गलत मोबाईल नंबर, गलत पता देना अब महंगा पड़ेगा। कोरोना टेस्ट के दौरान डिक्लेरेशन फार्म में हस्ताक्षर करना होगा जिसमें ऐसी हरकतों के लिए तय जिम्मेदारी लेनी होगी। इधर सर्विलांस टीम को मांगते ही जरूरी सुरक्षा सामग्री का दिया जाना तत्काल शुरू हो गया है तो शिक्षा विभाग ने 50 वर्ष से उपर की उम्र वाले टीचरों को टीम से अलग कर दिया है। तीन महीने पुरानी टीम की जगह नई टीम बना दी गई है। ये कुछ ऐसे तात्कालिक फैसले लिए गए है जिसकी जरूरत महसूस की जा रही थी।

सर्विलांस टीम के सामने आ रही दिक्कत को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल कदम उठाते हुए उन सभी दिक्कतों को दूर कर दिया है जिसकी वजह से संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। नए फैसले से अब संक्रमित मरीज बच कर नही निकल पाएंगे तो सर्विलांस टीम को भी आसानी होगी क्योंकि टीम की संख्या भी बढ़ाने के आदेश जारी हो गए हैं। नई टीम को सभी जरूरी सुरक्षा सामग्रियां तत्काल मिलेंगी। इसकी जिम्मेदारी नोडल अधिकारियों को दी जा रही है कि ऐसी कमी के लिए तुरंत सिविल हॉस्पीटल से सामग्री का उठाव व वितरण करे। टीम को आपात स्थिति के दौरान स्कूल निधि से राशि लेने की सुविधा भी दी जा रही है।

मंहगी पड़ेगी गलत जानकारी

संक्रमित मरीजों द्वारा दिए जा रहे गलत मोबाईल नंबर और गलत पता जैसी शिकायतों को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। अब कोरोना टेस्ट के दौरान डिक्लेरेशन फार्म का भरना जरूरी होगा जिसमें ऐसी हरकतों के लिए जिम्मेदारी लेनी होगी। स्वीकार करना होगा नियमों को ताड़ने पर दी जाने वाली सजा। यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

बनी नई सर्विलांस टीम

प्रशासन के आदेश पर तीन महिने पुरानी सर्विलांस टीम बदल दी गई है। अब 12 की जगह 20 टीम बनाई गई है जिसमें 40 टीचर होंगे। पहले टीचरों की यह संख्या 24 थी। साथ ही एक और महत्वपूर्ण फैसला यह लिया गया है कि नई टीम में 50 वर्ष से कम उम्र के ही टीचर होंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया है क्योंकि इससे ज्यादा उम्र के व्यक्तियों पर संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है। जो नई टीम बनाई गई है वह 20 सितंबर को प्रशिक्षण लेने के बाद 21 सितंबर से पुरानी टीम की जगह लेगी।

> कोरोना टेस्टिंग के दौरान अब डिक्लेरेशन फार्म भरवाया जाएगा। जिसमें गलत मोबाईल नंबर और गलत पता देने पर तय जिम्मेदारी लेनी होगी।
>
> **डॉ आरके अवस्थी, बीएमओ, भाटापारा**
>
> तीन महिने पुरानी सर्विलांस टीम बदली जा रही है। टीम की संख्या अब 12 की बजाय 20 होगी इसमें 40 टीचर होंगे। नई टीम प्रशिक्षण के बाद 21 सितंबर से काम संभालेगी।
>
> **एएस धृतलहरे, बीएमओ, भाटापारा**

दिया सहयोग का भरोसा

प्रशासन के आदेश के बाद सर्विलांस टीम को आपात स्थितियों में स्कूल निधि से राशि लेने की सुविधा दे दी गई है लेकिन सर्विलांस टीम ने इस सुविधा के लिए आभार जताते हुए कहा है कि वे कोरोना जैसी आपदा के दौरान मोबाईल रिचार्ज और वाहन पर होने वाला खर्च खुद वहन करेंगे और प्रशासन के हर आदेश का पालन करेंगे जिससे संक्रमण का खतरा कम किया जा सकता है।

आकाशीय बिजली गिरने से तीसरी मौत

बोड़ला-(नवप्रदेश)। विकासखंड क्षेत्र के अलग-अलग पंचायतों में लगातार 2 दिन में आकाशी बिजली के चपेट में आ जाने से 4 लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा है चारों लोग में तीन लोग बैगा समुदाय के हैं जिनमें दो महिलाएं एवं एक पुरुष की जान बिजली से गई । घटनाओं के विषय में प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना गुरुवार के शाम 4 बजे तरेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत दलदली बरघाट की है जहां जंगल में लकड़ी के लिए गई बैगा महिला सेमबत्ती पति बिसरा उम्र 26 वर्ष अमरबती पति सुरेश उर्मिला पति संतोष उम्र 25 वर्ष एवं गांव की बुजुर्ग रामप्यारी पति फिर तू उम्र 60 वर्ष लकड़ी के लिए जंगल गई थी उसी दौरान शाम 4 बजे तेज गरज के साथ बारिश होने लगी बारिश से बचने के लिए उनके द्वारा गांव की एक झोपड़ी के बाहर खड़े होकर बारिश करने का इंतजार किया जा रहा था तभी आकाशी बिजली उन पर गिर पड़ी जिससे रामप्यारी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं शेष तीन महिलाएं बेहोश होकर गिर पड़ी जिनको आसपास के लोगों ने घर पहुंचाया फिर परिजनों ने अंधविश्वास के चलते इलाज करवाने में देर की जिससे उनमें से दो महिलाओं की मौत हो गई और एक उर्मिला का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वही आज घटी दूसरे घटना में विकासखंड क्षेत्र के ही चिलपी थाना के अंतर्गत बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत बेंदा 18 साल के नौजवान राजेंद्र बैगा पिता इंदर सिंह बैगा साकिन बेंदा जोकि गांव के पास लगे जंगल में लकड़ी काटने 3 से 4 के बीच गया हुआ था उसी दौरान आकाशीय बिजली ने बैगा युवक की जान ले लीद्य पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए घटनास्थल पर पहुंच सबको पंचनामा के लिए भेज दिया है।

संत नवरंगे बना सतनामी समाज नगर खरोरा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

खरोरा। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ जिला रायपुर ग्रामीण के ब्लॉक गठन का विस्तार करते हुए प्रस्तावित ब्लॉक

नगर पंचायत खरोरा में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक रखा गया जिसमें खरोरा परीक्षेत्र गठन के साथ ही साथ नगर पंचायत खरोरा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद हेतु संत नवरंगे को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया द्य युवा प्रकोष्ठ के गठन पर खरोरा नगर में खुशी की लहर हैं इस नियुक्ति पर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष नरोत्तम धृतलहरे , डोली टंडन अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रायपुर ग्रामीण भोजराम मनहरे ,सुधीर बांधे ,खूबी डहरिया ,डॉ.बी. आर. गौतम, बनवाली शान,डागेश्वर जोशी मीडिया प्रभारी,कमलेश रात्रे भागदास चतुर्वेदी, सुमित मारकंडे, गोपी धृतलहरे ,शाखा कोसले, राम प्रकाश चेलक, महेंद्र बंजारे ,रंजीत नारंग, विनोद महिलंग, कामता जोशी, रघुवीर बांधे, तरुण पुरैना ,ईश्वरी प्रसाद टंडन,कमलेश शान, राजू गेंडरे, कृतकुमार चेलक, लक्ष्मी कोसले , प्रदीप भांडे, नरेंद्र बंजारे ,लालिमा गायकवाड, पिंकी कुर्रे, प्रीति पुरैना आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

पशु चिकित्सालय में किया गया वृक्षारोपण

खरोरा। आज भारतीय जनता पार्टी खरोरा मंडल में वृक्षारोपण का कार्यक्रम वार्ड नंबर 1पशु चिकित्सालय मे डॉक्टर गुलाब सिह टिकरिहा जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण की उपस्थिति व , मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम के रुप मे मनाया गया, इस दौरान सोसल डिस्टेंसीग का पालन करते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश वर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी,उपाध्यक्ष पन्ना देवांगन ,घनश्याम चंद्राकर दुलेस साहू , छगन यादव ,भूपेन्द्रा छाबडा, पार्षद गण तोरण ठाकुर, पंचराम यादव, पुर्नेन्द्र पाध्याय, कपिल पसीने, आयुष वर्मा, विकास ठाकुर,दीपक धनकर, परस नायक,गजेन्द्र वर्मा, अश्वनी वर्मा, खिलेश साहू व पशु चिकित्सालय के अधिकारी, व सभी कर्मचारियोंकी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ, यह कार्यक्रम हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर जिसे आज सेवा सप्ताह के रूप में पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है उसी के उपलक्ष्य मे उनके किए गए सभी कल्याणकारी योजनाओं को स्मरण करते हुए उनके जन्मदिवस को आज एक यादगार रूप में वृक्षारोपण कर मनाया गया।

विधायिका अनीता शर्मा ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक ली

खरोरा। नगर पंचायत खरोरा के परिसर में नगर परिक्षेत्र में हो रहे कॅरोना की महामारी को लेकर क्षेत्रीय विधायिका अनीता शर्मा ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उअस्थिति में आवश्यक बैठक ली। कॅरोना मरीजो की वृद्धि को लेकर नगर सहित पूरे परिक्षेत्र वासियो में दहशत का माहौल है,नगर के लोगो ने नगर सीमा के बाहर यूनिवर्सिटी को कोवेद सेंटर बनाये जाने का आग्रह विधायिका से किया जिसे तत्काल तहसीलदार, सी एम ओ को निरीक्षण कर जानकारी देने की बात कही निरीक्षण उपरांत कलेक्टर से आग्रह कर तत्काल कोविद सेंटर बनवाने की बात कही। उक्त अवसर पर तहसीलदार कृष्णकांत जायसवाल, सरिता ,मढरिया, मुख्यं नप अधिकारी सतीश यादव, थाना प्रभरी नितेश ठाकुर, स्वस्थ विभाग से श्रीमती देवधर, दीप्ती अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, उपा,पन्ना देवांगन,पार्षद भरत कुम्भकार, पार्षद सुरेंद्र गिलहरे, तोरण ठाकुर, जुबेर अली,एल्डर मेन नीलेश चंद्रवंशी, ,कपिल नाशीने, बबलू भाटिया, भूपेंद्र सेन, राहुल मरकाम, प्रयास युवा मंच,क्रिकेट स्टार क्लब के सदस्य गण ,जोगिंदर सलूजा, सहित परिचेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

सीईओ आम ग्रामीणों के घर पहुंच कर समस्या का कर रहे निराकरण

देवभोग। मौजूदा सरकार द्वारा तरह-तरह के चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं का फायदा आम ग्रामीणों को किस हद तक मिल पा रहा है। इसे जानने के लिए अनुविभाग के मुखिया अनुपम आशीष टोप्पो जनपद सीईओ एमएल मंडावी अपने दल बल के साथ पंचायतों में उतर रहे हैं। बीते 2 दिवस के भीतर 26 पंचायतों का निरीक्षण करते हुए पीएम आवास प्रगति मनरेगा कार्य आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चे को दिए जा रहे गर्म भोजन 14वें वित्त मद से कराए कार्य के अलावा तमाम योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर देख रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री आवास की प्रगति देख अधिकारियों ने खुशी भी जाहिर किया क्योंकि अब तक छह हजार तीन सौ से ज्यादा आवास पूर्ण हो चुके हैं । इसके साथ करीब 7 सौ हितग्राहियों के आवास की छत ढलाई हो चुकी है । इसके लिए अधिकारियों द्वारा आवास प्रभारी उमेश दीवान की पीठ थपथपाई और लगातार निगरानी बनाए रखने के लिए निर्देश दिया। हालांकि अप्रारंभ आवास को लेकर अधिकारियों ने नाराजगी भी जाहिर करते हुए हितग्राहियों को सात दिवस के भीतर आवास प्रारंभ करने के निर्देश दिया अन्यथा प्रकरण को अनुविभाग न्यायालय भेजकर आवास निरस्त करने की चेतावनी दिया है । ग्रामीण एसडीएम एवं सीईओ को अपने बीच देख अपनी अपनी समस्या बताने भी पहुंचे कुछ समस्या का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया तो वहीं कुछ आवेदनों का निपटारा के लिए आश्वस्त भी दिया गया । सबसे पहले सुपेबेडा के मृतक प्रभु लाल सोनवानी के बेटे ने श्रद्धांजलि राशि नहीं मिलने को लेकर जनपद सीईओ को अवगत कराते ही तत्काल ग्राम पंचायत सचिव को राशि देने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा दुर्योधन जोगीनिछिया सहित 7 पेंशनरों का आधार कार्ड इन एक्टिव होने के चलते पेंशन जमा नहीं हो पा रहा था ।जिससे अवगत होते ही जनपद सीईओ मंडावी द्वारा जिला कार्यालय संपर्क कर निपटारा करने के लिए कहा गया इसके साथ अधिकारियों ने निर्माण कार्य को लेकर भी जानकारी लिया जिसमें सुपेबेडा खुटगांव गंगराजपुर सहित अन्य पंचायत पर आंगनबाड़ी भवन एवं पंचायत भवन के अलावा अन्य भवन की प्रगति को लेकर भी संबंधित इंजीनियर को निर्देशित किया ताकि जल्द से जल्द भवन पूरा किया जाए और ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके सबसे अच्छी बात तो यह है कि पंचायतों में अधिकांश गायब रहने वाले ग्राम पंचायत सचिव इन दिनों समय से पहले अपने-अपने पंचायतों में मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं जबकि आम दिनों में ग्रामीणों को ढूंढना पड़ता था निरीक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक उमेश कुमार दीवान एसडीओ राधा कृष्ण शर्मा पी ओ शिवकुमार नारंगे इंजीनियर खूबलाल ध्रुव ,योगेश सेन कुरेंद्र बघेल के अलावा अन्य मौजूद रहे।

कलेक्टर ने कवर्धा शहर के कंटेन्टमेंट जोन क्षेत्र का भ्रमण कर आवश्यक जाजया लिया

कवर्धा(नवप्रदेश)। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने शनिवार देर शाम व रात कवर्धा शहर के वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए शहर के विभिन्न कंटेन्टमेंट जोन क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होने शहर के प्रमुख मार्गो का जायजा लेने के बाद कवर्धा के सटे पिकनिट स्पॉट सरोदा बाध तक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम और नियंत्रण के लिए राज्य शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे है। जिले में जिस तेज गति से कोरोना के संक्रमण का प्रभाव देने के मिला रहा है वह बहुत ही चिंतनीय है, पर इसके संक्रमण को रोकने और रोकथाम के लिए आज शहर को कन्टेंटमेंट जोन घोषित किया गया है। कोरोना के संक्रमण के रोकने के लिए शहर के सभी छोटे-व्यापारी वर्ग का आज जिला प्रशासन का सहयोग मिल रहा है। यह बहुत ही अच्छी बात है। आज शहर के सभी छोटे-बड़े व्यापारी अपने घाटे को सहन करते हुए कोरोना वायरस के संक्रमण को हराने में शासन-प्रशासन के साथ खड़े है। लेकिन ठीक इसके विपरित शहर के आमजनों का उतना अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा रहा है, जितना की इस संक्रमण के चैन को तोड़ने अथवा रोकने के लिए आवश्यक है। महज एक सप्ताह आमजन अनावश्यक घर से बाहर नहीं निकले में, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और अपने घर के सामने, चैक-चैराहों में समुह के रूप में नहीं बैठने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग कर देते है तो कोरोना के संक्रमण को रोकने में सफल हो सकते है।कलेक्टर शर्मा ने बताया कि हम लगातार सभी वार्डो और गांव में मुनादी अथवा लाडस्पीकर के माध्यम से संदेश पहंचा रहे है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए आज शहर कन्टेंटमेंट जोन घोषित किए गए है। इसलिए अनावश्यक घर से बाहर ना निकले और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। हेंड सेनेटाईजर का उपयोग करें और साबुन से हाथों को अच्छी तरह से समय-समय पर साफ करते रहे। आज शहर के भ्रमण के दौरान शहर के सभी छोटे-बड़े दुकान बंद मिले, लेकिन शहर वासी अपने घरों में सामने, या चैक-चैराहों पर समुह के रूप में दिखें। ना वहां कोई सोशल डिटेंन्सिंग का पालन करते नजर आएं और ना ही वहां किसी ने मास्क पहना है। समुह अथवा टू-वीलर में सरोधा की तरह भारी संख्या में शहर से बाहर निकल रहे है। जिला प्रशासन ने जिले सभी पिकनिकट स्पॉट को आगामी आदेश तक बंद रखा है। ऐसी स्थिति में समूह में प्रास्कृतिक सौदर्य का दर्शन अथवा भ्रमण करना उचित नहीं है। आप सुरक्षित रहेंगे तो आने वाले निकट समय पर अपने परिवार के साथ उन सभी पिकनिट स्पॉट और प्राकृतिक सौदर्य का दर्शन अथवा आंनद उठा पाएंगे, जिस क्षेत्रों को वर्तमान में अभी प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर शर्मा ने जिले अथवा शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन कोरोना के संक्रमण और उनके रोकथाम के लिए लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे है, लेकिन यह शासन-प्रशासन का प्रयास और उपाय तभी सफल होगा, जब शहर के आमजन इस उपाय का अपनाएंगे। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमणक रोकने के लिए उनके चैन को पहने तोड़ना होगा। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि अगर हम पूरी ईमानदारी से कन्टेंटमेंट जोन क्षेत्र से अथवा अपने घरों से अनावश्यक बाहर निकलने से बचेंगे तो हम बहुत जल्द ही इस वायरस के संक्रमण को रोक सकते है।

कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए इन बातों का रखे ख्याल

कलेक्टर श्री शर्मा ने अपील करते हुए कहा कि सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई,स्वाद और सूंघने की क्षमता का अभाव कोरोना वायरस का प्रमुख लक्षण है। समय रहते इस कोरोना के संक्रमण को रोका जा सकता है। सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, स्वाद और सूंघने की क्षमता का अभाव जैसे लक्षण दिखाई दे रहे तो तत्काल राज्य शासन के टोल फ्री नम्बर 104 और जिला स्वास्थ्य विभाग के दूरभाष नम्बर 07741232078 पर फोन लगा कर निःशुल्क कोरोना जांच कराए। समय रहते कोरोना वायरस को चिन्हांकित कर पाने पर इस वायरस संक्रमण को रोका जा सकता है और संबंधित व्यक्तियों को आसानी से बचाया जा सकता है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना चाहिए। कंन्टेंटमेंट जोन क्षेत्र में प्रवेश अथवा बाहर निकलने से बचना चाहिए। अगर बहुत ही जरूरी का है तभी घर से बाहर निकले। घर से बाहर जाते समय सावधानी बरते और भींड-भाड़ जगहों में ना जाएं। हमेशा मास्क और हैण्डसेनेटाइजर का उपयोग करे।

शहर में जिस तेज गति से कोरोना के संक्रमण के प्रकरण

कलेक्टर शर्मा ने बताया कि कवर्धा शहर में जिस तेज गति से कोरोना के संक्रमण के प्रकरण सामने आ रहे है, इससे यह तथ्य भी सामने आ रहे है, संक्रमण का प्रभाव उस क्षेत्र अथवा वाई में ज्यादा मिल रहे है, जहां पहले भी मिल चुकें है। इससे साफजाहिर है कि उन वार्डो के निवासी कन्टेंटमेंट जोन क्षेत्र के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होने बताया कि केनटेमेंट जोन क्षेत्र घोषित करने का उद्देश्य यह है कि हम कोरोना के संक्रमण पर काबू पा सके और उन वार्डो के अन्य परिवारों को पुर्णतः सुरक्षित रख सके। केन्टेंटमेंट जोन क्षेत्र आप और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए बनाया जा रहा है। इसलिए इस गंभीरता को समझे और अनावश्यक घर से अथवा शहर से बाहर निकलने से कुछ दिन के लिए बचे।

चकरभाठा में बने हवाईअड्डा छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी वीर गुंडाधुर के नाम पर करने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

खरोरा। बिलासपुर जिला को बहुप्रतीक्षित नियमित विमान सेवा की मांग आज पुरी हो रही है, जिससे जिला के साथ प्रदेश की जनता में हर्ष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने नये हवाईअड्डा को छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी वीर गुंडाधुर के नाम कराने माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंपा। बस्तर के माटी पुत्र भूमकाल विद्रोह के महानायक को आज भारत के ज्ञात आदिवासी नायकों के बीच जो स्थान मिलना चाहिए था वह नहीं मिला, भारत में आदिवासी आंदोलन के इतिहास में वर्ष 1910 जैसे उदाहरण कम हि मिलते हैं। अंग्रेजों से लोहा लेकर उन्हीं के दांत खट्टे कर दिए थे, अंत में अंग्रेजों ने वीर गुंडाधुर को गिरफ्तार कर 10 फरवरी को फांसी पर चढ़ा दिया था। नये हवाईअड्डा का नामकरण छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर गुंडाधुर के नाम से हो इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़िया कान्ति सेना ने भी मांग रखी है, अपने मातृभूमि राज्य की संस्कृति की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर गुंडाधुर के नाम से करने पर प्रदेश में शहीदों का नाम अमर एवं प्रेरणास्रोत बनेगा। इससे सही मायने में वीर क्रांतिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित होगी। सर्व आदिवासी समाज के युवा पदाधिकारी देवेन्द्र नेताम ने बताया माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के साथ महामहिम राज्यपाल, माननीय केन्द्रीय उड्डयन मंत्री, माननीय गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, माननीय धरमलाल कौशिक को भी प्रतिलिपि भेजी गई।

खुलेआम ओवर रेट में बेच रहे शराब

खरोरा। मदिराप्रेमीयो ने बताया कि ओवर रेट पर शराब विक्रय का यह सिलसिला विगत कई माह से चल रहा क्षेत्र के मदिराप्रेमीयो व जन प्रतिनिधियों से इसकी शिकायत लगातार संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों करते रहे मगर प्रशासन की तरफ से ठोस कार्यवाही के अभाव मे ग्रामीणो ने इसकी शिकायत प्रदेश के वरिष्ठ किसान मजदूर नेता व वस्त्र निगम के पूर्व चेयरमैन तिलक राम देवांगन से करने पर श्री देवांगन ने शराब के ब्लेक मार्केटींग पर नारजगी प्रगट करते हुये शासन प्रशासन को सख्त लहजे चेताया की इस तरह की शिकायत अनुमन पुरे प्रदेश मे संचालित शासकीय शराब दुकानों से आती है साथ मे पुरे राज्य मे इनही शराब दुकानों के अप्रत्यक्ष सहयोग से अवैध शराब का कारोबार काफी फल फूल रहा है प्रदेशवासियों विशेष कर शराब से घरेलू हिंसा की शिकार ग्रामीण महिलाओं मे शराब व शराब से बिगडते सामाजिक माहौल को लेकर काफी असंतोष है शराबबंदी की मांग अब तेजी से उठने लगी है अगर शासन इस शराब रूपी सामाजिक बुराई को नियंत्रित नहीं कर पाया तो यह नासूर बन प्रदेशवासीयों की आर्थिक , सामाजिक, व्यवस्था को अस्त व्यस्त देगा खास कर प्रदेश की युवा शराब खोरी के धीमे जहर से अपनी ऊर्जा क्षीण कर लेगें यह गहन चिंता का विषय है साथ ही शराब के ओवर रेट बिकने की शिकायत लेकर आये ग्रामीणो से श्री देवांगन से आग्रह किये की वे शराबखोरी से तोबा कर अपने परिवार को शराब जन्य तबाही से सुरक्षित कर अपने आनी वाली पिढी का सुखमय भविष्य सुनिश्चित करें।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

ओबीसी को 27% आरक्षण के लिए...

प्रक्रिया अपनाने जा रही है, जिसके तहत वर्तमान में प्रचलित राशनकार्ड धारी परिवारों की सूची का सार्वजनिक प्रकाशन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के वार्डो में किया जाएगा। इस संबंध में दावा-आपत्ति लेकर उसका निराकरण करने के साथ ही छूटे हुए परिवारों का राशनकार्ड बनाने हेतु नए सिरे से आवेदन भी लिया जाएगा। अपात्र लोगों के नाम भी सूची से विलोपित किए जाएंगे। छूटे हुए परिवारों को राशनकार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा भी सरकार मुहैया कराएगी। इस संबंध में पटेल कमीशन के मार्गदर्शन में नए सिरे से गाईडलाइन भी जारी की जाएगी। बैठक में खाद्य विभाग के सचिव ने पॉवरपाइंट प्रजेटेशन के माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग के सन्दर्भ में राशनकार्ड डेटा की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में वर्तमान में 66 लाख 73 हजार 133 राशनकार्ड प्रचलित है, जिनकी कुल सदस्य संख्या 2 करोड़ 47 लाख 70 हजार 566 है। राज्य में वर्तमान समय में 31 लाख 52 हजार 325 राशनकार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवारों के हैं, जिनकी सदस्य संख्या एक करोड़ 18 लाख 26 हजार 787 है, जो कि लाभान्वित संख्या का 47.75 प्रतिशत है। सामान्य वर्ग के प्रचलित राशनकार्ड की संख्या 5 लाख 89 हजार एवं सदस्य संख्या 20 लाख 25 हजार 42 है, जो राशनकार्ड के माध्यम से राज्य में लाभान्वित सदस्य संख्या का 8.18 प्रतिशत है।

कोरोना महामारी के चलते...

सूची प्राप्त की जाए, जो पिछले वर्ष तक उस निजी स्कूल में पढ़ रहे थे परन्तु किसी भी कारण से उन्होंने इस वर्ष उस निजी स्कूल में प्रवेश नहीं लिया है या फिर प्रवेश लेने के बाद उस निजी स्कूल को छोड़ दिया है। सूची में विद्यार्थियों के नाम के साथ उनके पालकों के नाम, पते और संभव हो तो मोबाइल नम्बर भी प्राप्त किए जाएं। इन विद्यार्थियों के पालकों के साथ सम्पर्क करके उन्हें पास के सरकारी स्कूल में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया जाए। कक्षा पहली से 10वीं तक के लिए इन बच्चों से प्रवेश के समय टी.सी. अथवा पूर्व कक्षा की अंक सूची की मांग न की जाए और उन्हें आयु के अनुरूप कक्षा में प्रवेश दिया जाए।

विपक्ष नंबर देखता रहा...

देर सदन की कार्यवाही स्थगित की गई लेकिन कार्यवाही शुरू होने पर फिर विपक्ष की नारेबाजी जारी रही। इसी नारेबाजी के बीच ही दोनों बिल ध्वनिमत से पास कराए गए। कृषि बिल सरकार के लिए प्रतिष्ठा का भी सवाल बन गया था। इसके विरोध में विपक्ष की तरफ से कई बातें कही गई। एमएसपी को लेकर सवाल उठाए तो बिल के पक्ष में माहौल बनाने की कमान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाल ली थी। चार कैबिनेट मंत्रियों को अलग अलग पार्टियों के सांसदों से बात करने की जिम्मेदारी दी गई थी।विपक्षी दल चाहते थे कि मतविभाजन के जरिए यह साफ हो कि कौन इस बिल के पक्ष में है और कौन विरोध में। बिल के पक्ष में जाने वालों को वह किसान विरोधी बता रहे थे। लेकिन सरकार ने ध्वनिमत से बिल पास कराकर विपक्ष की इस रणनीति को चित्त कर दिया।

किसान पूंजीपतियों का...

विपणन समिति (एपीएमसी) किसान मार्केट ख़त्म होने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कैसे मिलेगा और एमएसपी की गारंटी क्यों नहीं? मोदी जी किसानों को पूँजीपतियों का 'गुलाम' बना रहे हैं जिसे देश कभी सफल नहीं होने देगा।

तीन महीनों में सरकारी...

की धोखाधड़ी के 37 और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 1,140.37 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 9 मामले सामने आए। इस दौरान दूसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में सिर्फ 270.65 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले सामने आए। हालांकि, बैंक के साथ धोखाधड़ी के मामलों की संख्या 240 रही।अन्य बैंकों की बात की जाए, तो यूको बैंक में 831.35 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 130, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 655.84 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 149, पंजाब एंड सिंध बैंक में 163.3 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 18 और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 46.52 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 49 मामलों का पता चला। रिजर्व बैंक ने अपने जवाब में कहा है कि बैंकों की ओर से दिए गए ये शुरुआती आंकड़े हैं। इनमें बदलाव या सुधार हो सकता है। रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया कि धोखाधड़ी से जुड़ी राशि का मतलब बैंक को इतने ही राशि के नुकसान से नहीं है।

सकल जन समाज का 130 बैड का निःशुल्क महावीर कोविड केयर कोविड सेंटर

दुर्ग । जहा पूरा देश कोरोना महामारी के संक्रमण से जूझ रहा है और दिनों दिन यह महामारी का रूप लेते जा रहा है ऐसे समय मे जैन समाज के कुछ लोग मिलकर

महावीर जैन कोविड केयर सेंटर दुर्ग शहर में आज से प्रारंभ कर रहा है इसका सेंटर चंद्रशेखर आजाद छात्रावास में संचालित होगा 130 बैड के इस कोविड सेंटर में आठ बैड सेमी आई सी यु किसी भी समाज वर्ग के लोगो को पूरी सुविधा निःशुल्क रहेगी जिसमे चाय,नाश्ता, फ्रूल फरूट, काढ़ा एवं दोनो टाइम स्वादिष्ट भोजन की सारी व्यवस्था जैन समाज के जागरूक कार्यकर्ताओ द्वारा की जा रही है

कल रविवार को इस सेंटर का उदघाट्न माननीय विधायक अरुण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र जी भूरे पुलिस अधीक्षक प्रशांत जी ठाकुर, निगम कमिश्नर इंद्रजीत बर्मन, एस डी एम खेमलाल वर्मा प्रभारी कोविड 19 की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ।

मानव सेवा के कार्यक्रम में जैन समाज का सराहनीय कदम है महावीर जैन कोविड सेंटर के संचालन का जिम्मा श्री जैन समाज के लोगो ने उठाया है

समिति के संयोजक डा.डी.सी जैन सह संयोजक दिनेश मरोटी कोषाध्यक्ष दिलीप जी गोगड़ अजय श्रीश्रीमाल, कमलेश बैद विमलेश कोचर, मदन जैन, बृज मोहन खंडेलवाल, प्रकाश गोलछा, टीकम छाजेड़, महेंद्र दुग्गड़, कमलेश ढ़ेलडिया, महावीर लोढा, प्रवीण भूतड़ा, मनीष पाटनी, अभिलेश कटारिया, भागचन्द बोहरा, उत्तम बरडिया, चुन्नीलाल ÷पराग÷ दुग्गड़ श्री महावीर जैन कोविड केयर सेंटर दुर्ग के प्रमुख सदस्य होंगे, जो इस सेंटर का संचालन करेंगे। यह सारी जानकारी संस्था के सदस्य अजय श्रीश्रीमाल के द्वारा ली गई।

सूरजपुर पुलिस ने मवेशी ले जाते हुए अपचारी बालक सहित 2 को किया गिरफ्तार

सूरजपुर। झिलमिली पुलिस ने 90 हजार रूपये कीमत के 6 रास भैंसा ले जाते 1 अपचारी बालक सहित 2 को गिरफ्तार किया है । शनिवार 19 सितम्बर को थाना प्रभारी झिलमिली चित्रलेखा साहू को मुखबीर से सूचना मिली कि पटना से बड़सरा की ओर एक बिना नंबर का पिकअप वाहन में भैंसा भरकर क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा है जिसकी सूचना से पुलिस के अधिकारियों को अवगत कराया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

जिस पानी को सब पीते हैं, वही पीयेंगे अब अफसर

■ **बैठकों में अब नहीं चलेगी मिनरल वाटर की फिज़ूलखर्ची**

कोरबा। नगर निगम में होने वाली बैठकों में प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी के टेबल पर रखी जाने वाली मिनरल वाटर को आयुक्त ने बंद करा दी। दो टूक शब्दों में उन्होंने कहा कि निगम की ढाई लाख जनता जिस पानी को पीते है उसी पानी का उपयोग बैठकों में होगी। फिज़ूलखर्ची छोटी हो बड़ी रोक लगाना आवश्यक है।

ऊपरी तौर पर भले ही अधिकारी कर्मचारी इस आदेश से असहमत हो लेकिन जवाबदारी मानते हुए इस निर्देश में कंही न कंही निगम में एक नई सोच वाले अफसर को लेकर तृत्य वर्ग के वे कर्मचारी जो बैठकों से बहार रहते है इसका स्वागत कर रहे है। पहली बार कोई ऐसा अफसर निगम में पदस्थ हुआ है जो जनता की पाई पाई के मुखालफत के लिए सामने आये , अब तक न जाने कितनी बैठकों में मिनरल वाटर के नाम पर लाखो की फिज़ूलखर्ची हो चुकी है उस पर यह सोच ?म जनता जिस पानी को पीते है उसे निगम के अफसर और कर्मचारी भी पिये गलत नहीं होगा। बात केवल पानी की ही नहीं उचित यह भी साबित

हो रहा कि वाहनों में निजी उपयोग के लिए जनता की ही गाढ़ी कमाई से अफसरों के वाहन चलते थे उस पर रोक लगा दी गई है।

काश यह पहल प्रशासन में हर अफसर करते

पदभार लेते ही आयुक्त ने न केवल अपने केबिन को ऊपर नीचे लेन का निर्णय लिया बल्कि यह सोच भी उनका स्वगतेय है कि हर आम और खास उनसे बेझिझक मिल सके जिले के दिब्यांगों को ऊपर पहुँचने में होने वाली मुश्किलों को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया। काश इस तरह का निर्णय जिले के हर वो अफसर करते जिनका दफ्तर प्रथम तक पर है।

ऊपरी कमाई रुकने से हड़कम

दूरदर्शिता पूर्ण यह निर्णय कई लोगो को नागावार गुजर रही है। एडजेस्टमेंट करने वाले अधिकारियो में हड़कम मच गई है। वजह यह भी है कि इससे उनकी ऊपरी कमाई पर ताला लग गया है। शायद यही वजह है कि अफसर पर बेवजह आरोप लगाकर उन्हें स्थान्तरण कराने के ताने बाने बुने जा रहे है। इसे लेकर वे अपने आकाओ से मुलाकात कर निराकण की मांग कर रहे है। ताकि उन तक चढ़ावा पहुँचता रहे।

बेदराम शासकीय कॉलेज में प्रवेश के नाम पर वसूली की शिकायत

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। ब्लॉक मुख्यालय में संचालित शासकीय वेद राम महाविद्यालय में बीए बीएससी में प्रवेश के लिए क्षेत्र के 12वीं पास बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था जिन बच्चों का मेरिट लिस्ट में नंबर नहीं लगा है या फिर मेरिट के हिसाब से प्रवेश लेने के बाद जगह खाली है तो उसकी जानकारी ऑनलाइन वेबसाइट पर डालना होता है और जितने भी मेरिट लिस्ट बनता है उसे ऑफिसियल साइट में अपलोड करना होता है लेकिन इस कॉलेज किसी भी विषय (संकाय) का एक भी मेरिट लिस्ट को ऑफिसियल साइट में अपलोड नही किया गया है और खाली जगह के लिए छात्र-छात्राओं के घर 8 से 10 लोगों का गैंग घर घर पहुंच कर 2 से 3 हजार मांग कर कोरोना काल में जगह पक्की कराने की बात कह रहे है बताया जाता है इसमें एक बाबू एवम विभाग के आपरेटर भी इसमें सम्मिलित है जोकि बाहर के साथ 8 लोगों को वसूली के कार्य में लगाए हुए हालांकि अभी तक किसी ने इस बात की शिकायत नहीं की है लेकिन सभी संकाय का मेरिट लिस्ट साइट में अपलोड नहीं करना संदेश को जन्म दे रहा है यहां बताना लाजमी होगा कि कॉलेज के प्रिंसिपल जयसवाल मैडम मुख्यालय में नही रह कर बिलासपुर से आना-जाना करती है जिसकी वजह से स्थानी कुछ कर्मचारी लंबे समय से इस में सम्मिलित हैं उसी का यह लोग फायदा उठा रहे हैं जिसके कारण युवाओ में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

> मेरिट लिस्ट ऑनलाइन अपलोड करने के लिए डायनेमिक करना पड़ता है यह कार्य रायपुर से होता जो कि नहीं हो पाया है हमारे द्वारा मेरिट सूची चस्पा कर दिया गया था
>
> **श्रीमती उमा नंदिनी जायसवाल,** प्राचार्य, वेदराम शासकिय महाविद्यालय मालखरौदा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नामित पार्षदों ने राजस्व मंत्री से की मुलाकात

■ **कोई भी एल्डरमैन निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड के विकास कार्य के लिए, मूलभूत आवश्यक सुविधाएं एवं विस्तार आदि के लिए जिम्मेदारी का निर्वाहन कर सकेंगे।**

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। टी.पी. नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नामित पार्षदों ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात की। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सभी नव नियुक्त नामित पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छ.ग. की कांग्रेस सरकार ने कांग्रेस पार्टी की ओर से आपको निगम क्षेत्र के विकास के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उन्होने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि आप सभी पार्टी संगठन एवं सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप शहर के विकास के लिए कार्य करेंगे। कोई भी एल्डरमैन निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड के विकास कार्य के लिए, मूलभूत आवश्यक सुविधाएं एवं विस्तार आदि के लिए जिम्मेदारी का निर्वाहन कर सकेंगे। निगम क्षेत्र में नामित पार्षदों की नियुक्ति से शहर के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

पार्टी दफ्तर में उपस्थित नव नियुक्त नामित पार्षदों ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को विश्वास दिलाया कि वे सभी पार्टी संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करेंगे और क्षेत्र के नागरिकों के मंशा पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। मौके पर उपस्थित महापौर राजकिशोर प्रसाद से भेंट कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इस मौके पर नव नियुक्त एल्डरमैन रूपा मिश्रा, आरिफ खान, मनीराम साहू, आशीष अग्रवाल, पुरानदास महंत, परमानंद सिंह, ठाकुर प्रसाद अकेला, एस. मुर्ति के साथ-साथ महापौर राजकिशोर प्रसाद, सपना चौहान, पियुष पाण्डेय, संजय अग्रवाल, हेमलाल प्रजापति, डॉ. रामगोपाल यादव, पार्षद फुलसिंह सोनवानी आदि उपस्थित थे।

तीन वर्षों से सैकड़ों मजदूरों का रुका भुगतान दिलवाया : दीपिका शोरी

जगदलपुर/सुकमा। जिले के धुरनक्सल प्रभावित क्षेत्र डोलेरास में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्मित सड़क के सैकड़ों मजदूरों ने पिछले तीन वर्षो से मजदूरी न मिलने की शिकायत समाज सेविका अधिवक्ता दीपिका शोरी से की थी । जिस पर सुश्री शोरी ने ठेकेदारों से जल्द भुगतान करने हेतु कहा था परन्तु ठेकेदारों के द्वारा मामले को गम्भीरता को न लेते हुए टालमटोल किया गया जिसके बाद सुश्री शोरी सैकड़ों मजदूरों को लेकर पुलिस थाना कूकानार जाकर इस सम्बंध में शिकायत की थी व अनुविभागीय अधिकारी तोंगपाल से भी इस सम्बंध में बात की जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस के द्वारा ठेकेदारों को सुश्री शोरी व मजदूरों के बीच सामंजस्य करते हुए तत्काल भुगतान करने हेतु कहा जिसके बाद 19 सितंबर को ठेकेदार के कर्मचारियों व पेटी ठेकेदार ने ग्राम डोलेरास पहुंच कर अधिवक्ता शोरी के समक्ष जितने मजदूर उपस्थित हुए उन सभी की बकाया राशि का भुगतान किया

इस सबंध में दीपिका ने कहा कि बहुत ही सुकून और अच्छा लगता है जब हम किसी मजदूर ,गरीब,असहाय के काम आ सकें डोलेरास कि ग्रामीणों ने मुझसे मजदूरी के सम्बंध में शिकायत की थी आज उपस्थित मजदूरों को मेरे समक्ष भुगतान कर दिया गया है।

ग्रामीणों ने जताया दीपिका शोरी का आभार

तीन वर्ष बीत जाने के बाद अपने मेहनताने की राशि को पाकर बहुत खुश है और हम दीपिका का आभार व्यक्त करते हुए कहते है कि हम लोग तो इस राशि को पाने की उम्मीद छोड़ चुके थे परन्तु मेडम के माध्यम से हमे यह राशि प्राप्त हुई हम सब बहुत खुश हैं व आगे जो भी गाँव मे समस्या होगी हम इन्हें जरूर बताएंगे।

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों से तकनीशियनों का कार्य

जांजगीर चांपा। ग्रामीण अंचलों में कार्य करने वाले स्वास्थ्य सयोजक कर्मचारियों के द्वारा 28 सूत्रीय कार्यक्रमो के साथ साथ कोरोना जैसी महामारी के समय दूसरे कैडर के कार्य को बड़ी सराहनीय पूर्वक निभा रहे है, जबकि पूरे प्रदेश में कोरोना जांच तथा सैम्पलिंग का कार्य कर रहे है तब भी शासन प्रशासन स्वास्थ्य सयोजक कर्मचारियों को तकनीशियन नही मानती है,फिर भी उनसे तकनीशियन का काम कराया जाता है जोकि अनुचित है

अपने जान को जोखिम में डालकर निःस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे है ऐसी स्थिति में शासन प्रशासन भी अनदेखा कर रही है। उनकी वेतन विसंगति दूर करने में भी कतरा रही है,आज जो सेवा के लिए डटे हुए दिन रात मेहनत कर तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों को कोरोना अपनी चपेट में ले रही है तब भी अपनी हौसला की उड़ान को स्वयं की परवाह न करते हुए लोगों तक सेवा पहुंचा रहे है,पूर्व में कई बार हड़ताल कर चुके शासन प्रशासन को संघ द्वारा जभी वेतन विसंगति के लिए व्यापन दिया जा चुका है, हड़ताल के समय लगभग 1300 स्वास्थ्य सयोजक कर्मचारियों को बर्खास्त भी कर दिया गया था इतनी बड़ी कुर्बानी के बाद भी आजतक हमारी मांगो पर विचार नही किया गया, जो एक निंदनीय है ।आज विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य सयोजक संघ के द्वारा जिला अध्यक्ष श्री वीरेंद्र अहीर ,के मार्गदर्शन से जिला महामंत्री हरप्रसाद कश्यप , महेंद्र आजाद ,मनोज पटेल मुकेश खूंटे, गौतम जायसवाल,पंकज पटेल,नीता मनहर, मिथुन रात्रे,कांता कवर ,बी आर राठौर सतीस कश्यप आदि साथियों के माध्यम से उपरोक्त विषयों पर चर्चा कर शासन को पुनः अवगत कराने के लिए बैठक रखा गया।

19 अक्टूबर तक जिले में धारा 144 लागू

रायगढ़। कोरोना वायरस एक संक्रामक बीमारी है, स्वास्थ्य की दृष्टि से यह निर्देश है कि कोविड-19 से पीड़ित व्यक्ति के संपर्क से दूर रहें तथा ऐसे व्यक्ति जो संक्रमित है या संक्रमित होने की शंका है उन्हें संगरोध में रखा जाए। रायगढ़ जिले में इस बीमारी के फैलने या संक्रमण होने की संभावना है। रायगढ़ जिले के सीमाओं से लगे हुये अन्य जिलों में यह बीमारी संक्रामक है। रायगढ़ जिला खनन क्षेत्र तथा औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ-साथ जिले की सीमा अन्य प्रदेशों से जुड़े होने के कारण जिले में लगातार आवागमन एवं परिवहन होता है। तत्संबंध में राज्य शासन एवं जिला स्तर से उक्त संक्रमण के रोकथाम, नियंत्रण तथा निर्मित विकट स्थिति से निपटने के संबंध में दिशा-निर्देश एवं एडवायजरी जारी किये गये है। केन्द्र शासन द्वारा कोविड-19 को महामारी घोषित किया गया है।

अनुशंसित दवाईयों का समय पर छिड़काव कर किसान बचा सकते हैं फसल

अम्बिकापुर। कृषि विज्ञान केंद्र अम्बिकापुर के वरिष्ठ कृषि वैज्ञनिक डॉ. रविन्द्र तिग्गा एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा वर्तमान में धान के फसलों में कीट-व्याधि को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान देखा गया कि उस वर्ष धान का फसल अच्छा है। किसी किसी क्षेत्र में धान की फसल में कीड़े एवं रोग का प्रकोप है। डॉ. तिग्गा ने बताया कि यदि किसान समय पर अनुशंसित दवाइयों का उचित तरीके से उपयोग करें तो कीड़े एवं रोग से होने वाली फसल हानि को बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिन खेतों में पानी रुक हुआ है वहां सफेद फुद्का और भूरा माहू कीटो का प्रकोप देखने को मिला और धान की बाली निकलने के पहले ही खेत पीला होते हुए जला दिखाई देने लगा। इस स्थिति में खेत से जल्दी पानी निकालकर अनुसंशित दवा जैसे एसिटामाप्रिट एवं एमिडाक्लोप्रिड 5 ग्राम प्रति 15 लीटर पानी मे घोल बनाकर अच्छी तरह छिड़काव करें। इसके साथ साथ धान की वर्तमान अवस्थाओं में शीथ ब्लाईट एवं शीथ रॉट की समस्या भी देखने को मिला। इसमे पानी के ऊपर पौधे के पत्तियो में भूरे रंग के धब्बे बन जाते है और धीरे-धीरे पौधा सूख जाता है। इसके लिए प्रोपिकोनाजोल या हेक्साकोनाजोल या कार्बेंडाजीम दवा 1.5 से 2 ग्राम प्रति लीटर 4 पानी या कासुगामाईसीन दवा 3 से 4 मिलीलीटर प्रतिलीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर अच्छी छिड़काव करें।

सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह ने एनएचएम के हड़ताली कर्मचारियों को 24 घण्टे के अंदर कर्तव्य स्थान पर वापस लौटने दिये निर्देश

■ **बताया हड़ताली कर्मचारी वापस नहीं होते तो की जायेगी दण्डात्मक कार्यवाही**

सूरजपुर। जिले से 448 एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी 19 सितम्बर 2020 से अनिश्चितकालीन हडताल पर हैं, जबकि वर्तमान में कोविड -19 संक्रमण के प्रसार की रोकथाम हेतु राज्य एंव जिला स्तर पर निरंतर अत्यावश्यक कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ऐसे समय में कर्मीयों के हडताल पर जाने से अत्यावश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एंव गतिविधियों के संपादन में बाधा उत्पन्न हुई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एस.सिंह ने हडताली कर्मचारियों को पत्र जारी किया है जिसमें बताया है कि कोविड -19 संक्रमण को देखते हुए छ.ग. शासन गृह विभाग महानदी भवन मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर के आदेश के द्वारा राज्य में छ.ग. अत्यावश्यक सेवा साधारण तथा विछिन्ता निवारण अधिनियम 1979 लागु किया गया है , एंव इनके अर्तगत अत्यावश्यक सेवाओं में स्वास्थ्य संबंधी सेवायें शामिल है इसमें कार्य करने से इन्कार किये जाने को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। एस्मा अधिनियम कि कण्डिका 5 का उल्लघंन किये जाने की स्थिति में कण्डिका 7 (1) के दण्डात्मक कार्यवाही का प्रावधान भी है। साथ ही आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 के तहत् बाधा उत्पन्न करने के लिए दण्ड एंव धारा 56 के तहत् कर्तव्य पालन में अधिकारी की विफलता अथवा उलघंन किये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही का प्रावधान है। कोविड -19 जैसी वैश्विक महामारी के नियंत्रण के लिए शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन में विफल रहना अथवा बाधा उपस्थित करना छ.ग. एपिडेमिक डिसीज कोविड -19 रेगुलेशन्स 2020 की कंडिका 14 के अनुसार एंव भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत् दण्डनीय अपराध है। एन.एच.एम. कर्मचारी 19 सितम्बर 2020 को हडताल पर जाने के कारण अपने कर्तव्य पर उपस्थित नही हुए हैं, इस वजह से कोविड -19 जैसी वैश्विक महामारी की रोकथाम के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर किये जा रहे प्रयासों में बाधा पहुंची है । जिस कारण पत्र के माध्यम से समस्त हड़ताली कर्मचारियों को 24 घंटे के भीतर अपने कर्तव्य पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है। यदि हड़ताली 24 घंटे के भीतर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होकर समान्य रूप से कार्य निष्पादित नही करते हैं तब उनके विरूद्ध के विरूद्ध पत्र में उल्लेखित चार में से कोई एक या एक से अधिक विकल्पों को प्रभावशील किया जावेगा। जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नियुक्ति एवं सेवा शर्तो में उल्लेखित कंडिकाओं के उल्लंघन करने के कंडिकाओ के उल्लंघन करने के कारण कर्मचारियों के विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी।

कोविड-19 : जिला प्रशासन के द्वारा लालबाग क्षेत्र में किया गया जागरूकता कार्यक्रम

जगदलपुर। कोविड-19 के प्रति लोंगों में जागरूकता फैलाने के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रविवार को जगदलपुर शहर के लालबाग क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर रजत बंसल,पुलिस अधीक्षक दीपक झा और जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत चन्द्रवाल ने लाल बाग मैदान के पास अस्थाई बाज़ार में कोविड जागरुकता कार्यक्रम अन्तर्गत एनएसएस के स्वयंसेवक, युवोदय वालिंटियर्स, पुलिस के अधिकारियों और नगर निगम और अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियो के साथ बाज़ार स्थल का दौरा कर लोगों को मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंस का पालन करने हेतु प्रेरित किया।

60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की देखभाल कर रहे शिक्षकगण से चर्चा कर होम आइसोलेशन में सहयोग की अपील की।इस अवसर पर बीकेटी संस्था के द्वारा जिला प्रशासन को 100 नग पीपीई किट दान किया गया।

स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित मास्क को एनएसएस के स्वयंसेवकों को दिया गया जिसे वो मास्क नहीं पहनने वालों को जुर्माना की जगह विक्रय कर रहे है। युवोदय के वालिंटियर्स द्वारा नुक्कड़ के माध्यम से कोरोना के प्रसार को रोकने हेतु बाज़ार में उपस्थित लोगों को सन्देश दिया गया।

वालिंटियर द्वारा कोरोना रोकथाम संबंधी वाल पेंटिंग भी किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कोविड जागरुकता रथ से स्थानीय लोक कलाकारों ने नारा उदघोष कर लोगों से कोरोना वायरस से बचाव की जानकारी दी।इस अवसर निगम आयुक्त प्रेम पटेल, डीएमसी अशोक पांडेय सहित अन्य लोंग शामिल हुए।

बातों...बातों में...

सुकांत राजपूत

वफा अब जफा...

सियासत में निष्ठा और वफादारी जैसी बातों की कोई मियाद नहीं होती। इसका इल्म महाराज साहब को हो ही गया है। नतीजतन अपने सबसे फरमाबरदार मुगल सिपहसलार को हुकूमुदली के लिए खुराक देना ही पड़ा। वाक्या पखवाड़ेभर पहले का है अपने दो वफादारों को उनका ईनाम दिलाया। कस्बाई रियासत से सूबाई सियासत में जगह दिलाई। उंगली पकड़ाकर जिन्हें रायपुर पहुंचाया वही किसी मंजे हुए सियासतदां की तरह खुद की मुख्तियारी ढूंढने लगा। हुकूमत के दूसरे वजीरों के दरबार में हाजरी की खबर लगते ही महाराज ने हिदायत दी फिलहाल राजधानी से दूर ही रहो। एक वक्त था जब ईशारा काफी होता था पर अब फरमान भी अनसुना कर मुगलाई अंदाज में सियासत चमकाने केबिनेट के सबसे छोटे कद के मंत्री के यहां मुलाकात करने पहुंच गए। मजे की बात यह कि गलबहियां पाते तस्वीर वायरल हो गई। अपने दरबारी को दूसरे के दरबार में यूं देख महाराज इतने खफा हुए कि कोठी में बुलाकर सबके सामने ऐसे लुत्फअंदोज हुए कि फिलहाल वफादार रायपुर आने और दूसरे दरबार में जाने से पहले 10 बार सोचेगा।

दूध के जले...

...जो दूध का जला होता है वो छांछ भी फूंक फूंककर...वाली कहावत यूं नहीं बनीं हैं। प्रदेश कांग्रेस में एकमात्र मंत्री हैं टीएस सिंहदेव जिनमें अपनी विधानसभा सीट समेत सरगुजा संभाग की सभी सीटें जिताकर लाने का माद्दा है। यह कोरी बकवास नहीं उन्हों ने यह करके भी दिखाया है। यह और बात है कि उन्हें इसका मुआवजा तो नहीं मिला बल्कि खामियाजा ही भुगतान करना पड़ा। राजा होकर भी वर्तमान सियासी चालों से अछूते रहने की वजह से एक-एक कर उनके खाते में जमा विधायक सियासी खेमों के शिकार हो गए। पैलेस के करीबी ने बातों ही बातों में खुलासा-ऐ-दस्त किया। जमा खर्च हो गए बचे चार विधायक हैं जो दोबारा टिकट के या तो फिर जीत के दावेदार नहीं हो सकते। बाकि 3 में चिंता, भगत, ब्रहस्पत का पूरा सरगुजा जानता है। शहरी सियासत की चाल समझकर अब दूसरे खेमें में गए भगत से मामला सुलझ चुका है। गुपचुप हनिमून शुरु हो चुका है। बाकि दो में एक तो सपरिवार एम्स में कोरोना से जंग में व्यस्त है तो दूसरा जशपुर से लड़ने की तैयारी में। सभी जानते हैं संभाग की हर विधानसभा सीट में पैलेस कम से कम 10-10 हजार वोटर अपनी झोली में रखता है। फिर किसकी हिम्मत जो ज्यादा दिन दूर रहे।

खामोश कोरोना...

राजधानी रायपुर में हालत ठीक नहीं है। हर जगह कोरोना का संक्रमण है। हैरत इस बात की है कि इंदौर, भोपाल जैसे शहरों ने हालत बेकाबू होने के बाद भी स्थिति पर काबू पा लिया। लेकिन, रायपुर में उल्टा हो रहा। सरकार में बैठे लोग भी मानते हैं कि कोरोना से जिस तरह निबटना था, वैसा हुआ नहीं। खासकर लॉकडाउन खुलने के बाद। लॉकडाउन के बाद तो लोग ऐसे सड़कों पर निकल पड़े कि कोरोना-वोरोना जैसा कुछ रह नहीं गया है। अफसरों ने भी गाइडलाइन जारी कर अपना कर्तव्य खतम समझ लिया। यहां जब तक कड़ाई नहीं होगी, तब तक लोगों को अपना नुकसान भी नहीं समझ में आएगा। आखिर, सरकार कुछ कह रही है तो उनके भले के लिए है। बात बड़ी सीधी सी है। राजधानी में अगर थोड़ी सी भी कड़ाई बरती गई होती तो आज ये हालत नहीं होते। छत्तीसगढ़िया से हारा कोरोना शुरुआती जुमला था अब कुछ और ही है। शत्रुघन सिन्हा की स्टायल में खामोश...कोरोना बोलकर डराने की बजाए कोरोना ने पूर्व और वर्तमान सीएम हाउस को भी अपनी चपेट में ले लिया है। साफ है वीआईपी जब नहीं बच पाए तो गरीब जनता को कौन सुरक्षा देगा। दाउ, बाबा, महाराज के फैसला ठीक हे ग...खामोश होए से पहिले खामोश कोरोना...बोले म आसानी होई।

मर्दानी क्यों सहमी...

वकालत से सियासत तक का सफर तय करने वाली कांग्रेस की मर्दानी अब सहमी सहमी सी नजर आती हैं। एक वो रूप भी था जब तात्कालीन निगम कमिश्नर अमित कटारिया ने तोड़फोड़ मचाकर राजधानी को अफगानिस्तान और तालीबान जैसे नजारे में बदल दिया था। तब कछोटा कसके एकमात्र महिला वकील ने लोहा लिया। उनके इसी मर्दाने जज्बे को सलाम कर लोगों ने राजधानी की पहली नागरिक यानि कि महापौर बनाया। अब सूबे में निजाम बदला और कांग्रेस का राज है तो वे राज्य महिला आयोग की चेयरमैन बनाई गईं। महिलाओं को खासकर पुरुषों से उत्पीड़न की शिकार औरतों को बड़ी उम्मीद बंधी थी कि न्याय मिलेगा वो भी ताबड़तोड़। लेकिन पेशे से वकील, अपने हक-हकूक जानने वालीं तेज तर्रार किरणमीय जरा सहमी सहमी सी हैं। यह उनके काम करने की स्टायल से लगता है। सरकार उनकी, पद उनका अहम और महिला भी हैं फिर हैरानी इस बात की है कि डीजी पवन देव मामले में महिला आरक्षक और रायपुर मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.चौधरी के खिलाफ पीजी छात्रा ने यौन शोषण की शिकायत की तो कार्रवाई तो दूर खबर तक मीडिया तक पहुंचने में 36 घंटा बीत गया। पूछने-बताने के अलावा बात भी करने से पूरा आयोग बचता रहा। खूब लड़ने वाली मर्दानी सिंहासन मिलने के बाद इतनी गुमसुम क्यों अब लोग सवाल करने लगे हैं।

आखिर गरीबों का राशन गायब कहां हुआ

बड़ा सवाल- ट्रांसपोर्टर और मिलर की कैसी सांठगांठ, दूसरी भरी गाड़ी कहां जा रही थी

पंकज सिंह भदौरिया

दंतेवाड़ा। जिले में गरीब आदिवासियों को बांटे जाने वाले चावल की हेराफेरी की चौकाने वाली खबर जबसे उजागर हुई है प्रशासनिक अमले में कार्यवाही को लेकर पूरी सावधानी बरती जा रही । दरअसल पूरा मामला पहले समझिये बीते 18 तारीख को गुडसे के लिये 403 बोरे निकला सरकारी चावल ट्रांसपोर्टर ने रास्ते मे ही बेच दिया इस तरह का गंभीर आरोप मालवीय ट्रांसपोटर पर लगा है। क्योकि दंतेवाड़ा एसडीएम लिंगराज सिदार ने वेयरहाउस से चावल भरकर निकले ट्रक क्रमांक सीजी18एच1254 को जो गुडसे गांव पहुँचने वाला था उसे खाली हालत में दंतेवाड़ा बैंक चौक पकड़ा। जिसके बाद प्रशासन ने खाली गाड़ी और 3 भरी गाड़ी जप्त कर दंतेवाड़ा थाने में खड़ा करा दिया.जबकि गुडसे गांव में एसडीएम ने खुद मौके पर पहुँचकर तस्दीक की तो चावल सोसायटी तक पहुँचा ही नही, उसके बाद सोसायटी को सीलबंद कर कार्यवाही शुरू कर दी गयी। इधर दूसरी गाड़ी चावल भरी चोरी छिपे माल की पूर्ति करने के लिये गुडसे ट्रांसपोर्टर भेजवा रहा था जिसे दुबारा एसडीएम ने रंगेहाथ जारम घाट के पास फिर से ए पकड़ लिया। पूछताछ में गाड़ी के पास कोई दस्तावेज बरामद नही हुये। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि ट्रांसपोर्टर माल की पूर्ति करने के लिए दूसरी गाड़ी से चावल भिजवा था खैर फिलहाल मामले में कार्यवाही कर ट्रांसपोर्टर के विरूद्ध एफआईआर की कार्यवाही की तैयारी चल रही है।

दूसरी तरफ मामले को दबाने के लिए जिस ट्रक पर चावल भरी दूसरी गाड़ी देर रात पकड़ाई जिसे दंतेवाड़ा एसडीएम ने गाड़ी क्रमांक CG17H7860 नम्बर पर चावल लदा हुआ पकड़ा है, वो भी जांच पर बिना कागजात के यह गाड़ी कहि गुडसे सोसायटी तो नही जा रही थी। बता दे कि दूसरी ट्रक पर रिजवी राइस मिल गीदम लिखा हुआ है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर सोसायटी के लिए निकला 403 बोरे चावल कहा गायब हो गये, वही जो गाड़ी चावल भरकर दूसरी जा रही थी, उस पर बिना कागजात के चावल रातों रात कहा जा रहा था, इस मामले में प्रशासन कुछ भी बताने से कतरा रही है। क्योंकि ट्रांसपोर्टर और राईस मिलर के तार राजनीति में सत्तापक्ष से जुड़े हुए हैं।

मामला सही है, एसडीएम से मेरी स्वयं बात हुई थी, गम्भीर मामला है ट्रांसपोर्टर और संलिप्त लोगों पर शख्त कार्यवाही होनी चाहिए। हमारी सरकार कोरोनाकाल में गरीबों को निःशुल्क राशन दे रही है ताकि उन्हें लाभ पहुँच सके। मगर इस तरह की ब्लैक मार्केटिंग बर्दाश्त नही किया जाएगा।

छविंद्र कर्मा, कांग्रेस नेता

जांच हो रही है, हेराफेरी हुई है जल्द इस पर कार्यवाही पूरी कर दोषियों पर एफआईआर की जायेगी।

–लिंगराज सिदार, एसडीएम दंतेवाड़ा

कोरोना इफेक्ट : रानी दहरा जलप्रपात सील

बोड़ला-(नवप्रदेश)। जिले के प्रमुख प्राकृतिक स्थल में शुमार भोरमदेव अभ्यारण की सीमा में स्थित विख्यात पर्यटक स्थल रानी देहरा जलप्रपात को कोरोना संक्रमण के चलते ग्राम वासियों एवं वन प्रबंधन समिति के द्वारा 7 दिनों के लिए सील कर दिया गया है । इस विषय में जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत बैरक के सरपंच श्याम मसराम ने बताया जिले व क्षेत्र मैं कोरोना के चलते कंटेंटमेंट जोन से काफी लोग छुट्टी मनाने प्रमुख पर्यटक स्थल होने के चलते यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग गांव की सीमा से होकर गुजर रहे थे और यहां के दुकान में खरीदारी करने के लिए भी रुक जाया करते थे फल स्वरूप गांव में संक्रमण का डर लोगों में था और इसी के चलते ग्राम रानी दहरा ने तीन लोग कोरोना संक्रमित हो गएद्य फल स्वरूप ग्राम के युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ वन प्रबंधन समिति ने रानी दहरा जलप्रपात को बंद कर दिया है।

समिति ने दी सूचना

ग्राम पंचायत बैरक के सरपंच श्याम मसराम ने बताया कि वन प्रबंधन समिति एवं ग्राम के युवा सदस्यों ने ना महामारी के चलते रानी दहरा झरना को एवं मार्ग में लगाए गए वन प्रबंधन समिति के द्वारा संचालित नाके को बंद कर दिया है साथ ही ग्राम सीमा के पहले वन प्रबंधन की समिति के द्वारा रास्ते को रोके जाने की जानकारी पंचायत एवं संबंधित वन विभाग को दे दी गई है।

वन प्रबंधन समिति ने दिखाई जागरूकता

जिले व क्षेत्र में बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते उससे निपटने के लिए वन प्रबंधन समिति के सदस्यों ,ग्राम वासियों व युवाओं के सलाह से बैराग रानी देहरा क्षेत्र को बंद करने का निर्णय लिया वन प्रबंधन समिति के सदस्यों ने इस बाबत जानकारी संबंधित वन विभाग के उच्च अधिकारियों के अलावा पंचायत प्रशासन को भी दे दिया है । इस विषय में जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत के युवाओं जिनमें आजू राम धुर्वे ,देव कुमार धुर्वे, विजऊ, राम धुर्वे रामविलास, धरम आदि ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ग्राम वासियों ग्राम के युवाओं द्वारा क्षेत्र एवं जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ते आंकड़ों पर चिंता जताते हुए कुछ कठोर निर्णय लेने के बारे में सोच रहे थे कारण की जलप्रपात क्षेत्र में जिले व जिले के बाहर से दो पहिया व चार पहिया वाहनों में लोगों का हुजूम सोशल डिस्टेंसिंग का मखौल उड़ाते हुए पिकनिक मनाने पहुंच रहा था उनके द्वारा ग्रामीणों द्वारा संचालित दुकानों में खरीदारी भी किया जा रहा था एवं पिकनिक मनाने पहुंचे युवा द्वारा लगातार जलप्रपात क्षेत्र के अलग-अलग गांव में नशे में गांव के लोगों से उलझना विवाद एवं विवाद की स्थिति बनना आम बात हो गई थी एक आध बार तो बात पुलिस थाने तक भी पहुंच गई है। इन्हीं सब बातों से आज ही जाकर ग्राम वासियों द्वारा रानी दहरा को सील करने के बारे में विचार किया जा रहा था, इसी दौरान रानी देहरा में 3एक्टिव केस आ जाने से ग्राम वासियों एवं युवाओं वन प्रबंधन समिति के द्वारा ग्राम को सील करने का निर्णय लिया गया।

स्वास्थ्य जांच शिविर लगा कोकड़ी, हरदी, पांहदा, जमघट, देवसरा, अछोली, सहगांव, चेटवा में

बेमेतरा/साजा – कृषक नेता योगेश तिवारी एवं सर्व ट्रामा हास्पिटल रायपुर के प्रमुख डॉ सुरेंद्र शुक्ल के नेतृत्व में चलाये जा रहे मोबाइल चलित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान आज रविवार को कोकड़ी, हरदी, पांहदा, जमघट, देवसरा, अछोली, सहगांव, चेटवा में लगाया गया। बेमेतरा में आज छोटी बीमारी में भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल रहा है, आम जनता परेशान है, इस करोना महामारी ने लोगों को झंकझोर दिया है। सभी लोगों में एक डर का माहौल है। गाँव में भी अब करोना के मरीज निकल रहे है, इस लिये भी डर का माहौल है। लेकिन जन स्वास्थ्य शिविर में डाक्टरों के द्वारा आम लोगों को करोना से बचने के सुझाव दे रहे है। ऐसे समय में अपनों का साथ चाहिए, सबका सहयोग चाहिए। किंतु संक्रमण के कारण लोगों को घरों से नहीं निकलना है। आप सभी घरों में सुरक्षित रहे हैं। करोना महामारी में डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, पुलिस, सफ़ाई कर्मी सभी अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए आपकी सेवा में लगे हुए हैं, इनका हम सम्मान करतें हैं। किसान नेता योगेश तिवारी और ट्रामा अस्पताल के प्रमुख डॉ सुरेंद्र शुक्ला एवं उनके टीम के द्वारा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाई एवं सेनीटाइजर, मास्क का वितरण किया जा रहा है।

कोरोना जंग जितने के बाद नपा अध्यक्ष मेमन फिर जुटे जनसेवा में

पहले ही दिन एक हजार लोगो को बांटे निशुल्क मास्क

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। कोरोना जंग जितने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन फिर से जनसेवा में जुट गए है। होम आइसोलेशन से बाहर आने के बाद शनिवार को उन्होने तिरंगा चैक में सैकड़ो लोगो को निशुल्क मास्क बांटे। इसके साथ ही उन्होने आम लोगो से मास्क का उपयोग करने, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने और जरूरी काम ना हो तो घर में ही रहने की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ पार्षद वंश गोपाल सिन्हा व भूपेंद्र, कश्यप छगन यादव, आकाश तिवारी भी मौजूद थे।

ज्ञात हो कि गत को नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन 5 सितम्बर को कोरोना पाजीटीव हो गए थे। जिसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा होमआइसोलेट किया गया था। रिपोर्ट निगेटिव आने और आईसोलेशन समय पूरा होने के बाद अब वे फिर से जनसेवा में जुट गए है।

इस संबंध में चर्चा करने पर उन्होने बताया कि नगर तथा जिले में तेजी से कोरोना का संक्रमण बढ़ते जा रहा है। नगर पालिका की टीम लगतार नगरवासियो को जागरूक करने और सफाई व्यवस्था में जुटी हुई है। हमारी पूरी टीम लगातार आम लोगो को सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने और अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करने अपील कर रहे है। लाकडाउन से लेकर अब तक 15 हजार से अधिक मास्क बांट चुके है। शनिवार को तिरंगा चैक में आवाजाही करने वालों के बीच एक हजार मास्क बांटे गए है, रविवार और सोमवार को बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थानो में भी मास्क वितरण किए जायेंगे।

सहसपुर लोहारा पुलिस की नई पहल' - संबल

कवर्धा-(नवप्रदेश)। वर्तमान वैश्विक महामारी से प्रभावित मरीजो एवम उनके परिवार के मन मे अज्ञानता ,भय एवम जागरूकता के अभाव मे मरीज एवम उसका परिवार सहमे हुये रहते है साथ ही होम आइसोलेशन के दौरान उन्हे आवश्यक सेवा उपलब्ध कराने वरिष्ठ अधिकारियों एवम स्वास्थ्य टीम लोहारा के मार्गदर्शन मे थाना लोहारा जिला कबीरधाम पुलिस द्वारा आज से एक नई पहल अभियान संबल प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत थाना क्षेत्र के ब्वअपक-19 से संक्रमित प्रत्येक मरीज से चाहे मरीज कोविड सेंटर मे हो या होम आइसोलेशन पर फोन के माध्यम से थाना द्वारा अब हर ब्वअपक-19 पॉजिटिव की हालचाल ले रही है, लोहारा पुलिस कोरोना संक्रमित मरीज को कॉल कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेकर शासन प्रशासन के द्वारा जारी किए गए निर्देशों के बारे में अवगत कराकर, उनसे उनकी एवम उनके परिवार की तकलीफसमस्या की जानकारी ले रही है एवं दूर करने का भी प्रयास कर रही है जो ब्वअपक-19 मरीज होम आइसोलेशन पर है उनको घर पर ही रहने की सलाह देकर मास्क उपयोग, गर्म पानी, काढ़ा पीने का आग्रह कर रही है।

नगर पंचायत गंडई क्षेत्र में अवैध शराब की हेराफेरी, जिम्मेदार खामोश

■ पुलिस प्रशासन और अबकारी विभाग सिर्फ नाम की, कार्यवाही शून्य

हरि साहू

गंडई पंडरिया। नगर एवं आस पास क्षेत्र मे अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है फिर भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। शराब दुकान बंद होने के बावजूद भी शाम होते ही कई जगहो पर शराबियों का अड्डा बन जाता है। इस संपूर्ण लॉकडाउन-अनलॉक में आबकारी विभाग व पुलिस प्रशासन को खबर ए बावजूद कार्यवाही नहीं की जा रही है। इन दिनों नगर में जगह-जगह शराब की अवैध बिक्री जोरों से चल रही है। इस ओर आबकारी विभाग और ना ही पुलिस विभाग ध्यान दे रही है जिसके कारण शराब बेचने वाले अवैध कारोबार से जुड़े लोग धड़ल्ले से बिना किसी कानून की डर से शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं। ऐसा लगता है प्रशासन ने भी शराब माफ़ियाओं, कोचियों को मौन स्वीकृति प्रदान कर रखी हो।

पुलिस मांगती है कमीशन

अपनी जेबें गरम करने के लिए ख्यात नगरीय पुलिस को यह सब भली-भांति ज्ञात रहता है कि किस इलाके में कौनसा अवैध काम किया जा रहा है, लेकिन वह उन बदमाशों पर कार्यवाही करने की बजाय उनसे अपना हिस्सा मांगती है और बदले में उनसे अपनी दोस्ती-यारी निभाती है। जिससे इन आपराधियों को शह मिल रही है और इनका कारोबार फल-फूल रहा है।

यहां हो रही अवैध शराब की बिक्री

अवैध शराब का कारोबार नगर के नगर पंचायत के सामने सहित आसपास रोड पर नवापारा वार्ड 15, रावणभाठा, पुराना तहसील आफिस के सामने होटल, खोमचों पर, पंडरिया वार्ड 4, वार्ड 5, शासकीय उचिह मूल्य की दुकान कोपेभाटा के आस- पास जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पीछे, चाँदनी चौक पंडरीया इसके के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जन भर गांव जैसे लिमों, देवपुरा, नर्मदा, लालपुर, नादिया, पेंडरवानी, चिलगुड़ा में अवैध शराब का कारोबार नगर के गली-मोहल्लों में खुलेआम शराब बेचते देखा जा सकता है।

नियमों का नहीं हो रहा पालन, दोगुनी कीमत पर हो रही बिक्री

शराब बिक्री को लेकर शासन के तरह-तरह के नियम व मापदंड सुनिश्चित कर रखे हो, लेकिन सरकारी शराब दुकान में यह सभी नियमों का पालन नहीं हो रहा है जिसका फायदा शराब कोचिए उठा रहे हैं और जितनी मात्रा में शराब की खरीदी करनी है उतना एक ही दिन में बार-बार शराब दुकान के लाइन लगाकर खरीदा जा सकता है। चाहे हम देशी व अंग्रेजी शराब की बातें करें दोनों शराब की अवैध बिक्री रोजाना हो रही है। अवैध शराब बेचने वाले कोचिए मुनाफा के चक्कर में शराब दुकान से ज्यादा मात्रा में शराब दुकान में कार्यरत कर्मी से सांठगांठ कर शराब खरीदकर दोगुने कीमत में बेचते हैं जिससे शराब पीने वाले को सुबह सरकारी शराब दुकान खुलने का इंतजार नही करना पड़ता या बंद होने का भी कोई असर नहीं होता। देशी शराब जहां 120 से 150 व अंग्रेजी शराब 150 से 180 रूपए में बिक रही है।

चखना दुकानों पर भी लगाम नहीं

वही सरकारी शराब दुकान के सामने अवैध चखना दुकान चलाने वालों पर शासन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार के कार्यवाही नहीं करने के कारण चखना दुकान चलाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी होती जा रही है।

होगी कार्रवाई

गंडई के एसडीओपी राजेश जोशी से बात करने पर इस पूरे मामले ने कहा कि सूचना मिलने पर कार्यवाही की जा रही है। और आगे भी जैसे सूचना मिलेगी कार्यवाही होगी।